''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 61 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रुपए रविवार, 02 मार्च 2025 samachargate@gmail.com

**जरूरी सूचना**

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

## मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने की फरीदाबाद में 47 कमल खिलाने की अपील

### कांग्रेस से करें किनारा, भाजपा ही आपका सहारा : प्रवीण बत्रा जोशी

**मतदान की पूर्व संध्या पर अपना संदेश जारी करके कहा, विकास के लिए भाजपा को विजयी बनाएं**

**पहले मतदान फिर जलपान करें, कमल के फूल को खिलाकर विकास की राह आसान करें : प्रवीण बत्रा जोशी**

**समाचार गेट/नरवीर यादव**

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद की भाजपा मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने फरीदाबाद की जनता से अपील की है कि रविवार को होने वाले नगर निगम चुनाव में कमल खिलाना है। इतने वोट कमल पर डलें कि 12 मार्च को जब ईवीएम से वोटों की गिनती हो तो भाजपा की रिकॉर्ड जीत हो । यह बात श्रीमती जोशी ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार बंद होने के बाद शनिवार को जारी बयान में कही। प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि पूरे चुनाव प्रचार के दौरान फरीदाबाद की देवतुल्य जनता ने भारतीय जनता पार्टी का मजबूती से समर्थन किया है कमल पर वोट देने का वादा किया है। जनता यह जानती है कि उनके अधिकार भाजपा के राज में ही सुरक्षित हैं। भाजपा ने सदा निष्पक्ष भाव से जनसेवा करके आम जनमानस को सुविधाएँ देने का काम किया है। प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि फरीदाबाद की जनता विकास के नाम पर वोट देकर अपने लिए मजबूत ट्रिपल इंजन की सरकार चुनेगी। प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पूरी पारदर्शिता के साथ जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है और योजनाओं के माध्यम से जन जन को सशक्त कर रही है । ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद फ़रीदाबाद



शहर का विकास और बेहतर तरीके से किया जाएगा।

**एक वोट मेयर को और एक वोट पार्षद को, 2 अलग अलग वोट करें मतदाता : प्रवीण बत्रा जोशी**

श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चुनाव में दो मशीनें होंगी। मतदाता एक वोट मेयर को चुनने के लिए और एक वोट पार्षद को चुनने के लिए करें । हमें सावधानी से वोट करते हुए कमल के निशान पर वोट देकर विकास की राह बनानी है। मेयर चुनाव में कमल के फूल पर वोट से पांच लाख से ज़्यादा मतों से जीत का रिकॉर्ड बनाना है और सभी 46 वार्डों में कमल खिलाना है। श्रीमती जोशी ने कहा कि ग़रीब का भला और देश व प्रदेश का विकास कोई कर सकता है तो वो भारतीय जनता पार्टी है । भारतीय जनता पार्टी है तो आपका भविष्य स्वर्णिम है। फ़रीदाबाद को एक स्मार्ट, विकसित व स्वच्छ शहर बनाना हमारा संकल्प है और चुनाव जीतते ही सरकार के सहयोग से फ़रीदाबाद के विकास के लिए कार्य शुरू हो जाएँगे। वोट की अपील करते हुए श्रीमती जोशी ने कहा कि 2 मार्च को सुबह उठते ही सबसे पहले कमल पर मतदान करें फिर जलपान करें।

## लोकतंत्र के पर्व पर मतदान अवश्य करें : दीपक यादव



**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**बल्लभगढ़।** पार्षद पद और मेयर पद के लिए चुनाव का समय नजदीक आ गया है जहां सभी प्रत्याशियों ने अपनी प्रचार प्रसार को विराम दे दिया है वहीं सभी अपने कार्यालय पर बैठकर आपस में चुनाव पर बात करते हुए दिखे। इस पल पर दीपक यादव व रश्मि यादव, पवन यादव सभी साथ बैठे हुए दिखाई दिए। इस पर जब प्रत्याशी दीपक यादव से बात करी गई तो उन्होंने जनता से कहां की यह लोकतंत्र का पर्व है। आप सभी लोगों से विशेष निवेदन है कि आप चुनाव वाले दिन मतदान करने के लिए अवश्य जाएं और एक ऐसे प्रत्याशी को चुने जो आपके लिए और आपके वार्ड के कामों के लिए तैयार हो। ऐसे प्रत्याशी का चयन न करें जो सिर्फ 5 साल बाद ही दिखे क्योंकि आपका मतदान ही निर्धारित करता है कि आप कैसे प्रत्याशी को अपने बीच में लाना चाहते हैं। पिछली बार चुने गए कुछ पार्षद उम्मीदवारों ने अपने वार्डों की तरफ लौट कर के भी नहीं देखा अब ऐसे प्रत्याशी को चुने जो जमीन स्तर पर काम कर चुका हो। तभी आप अपने वार्डों का विकास कर पाएंगे। चुनाव का समय है आप सभी अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक मतदान करें मतदान आपका हक है और ऐसे प्रत्याशी को चुनें जो आपके कामों के लिए सदा तत्पर रहे। जनता के बीच में रहे। मतदाता इतने वोट डालें कि जब 12 मार्च को जब ईवीएम से वोटों की गिनती हो तो आपके पसंदीदा उम्मीदवार की रिकॉर्ड जीत हो। यह बात दीपक यादव ने शुक्रवार को चुनाव प्रचार बंद होने के बाद शनिवार को जारी बयान में कही।

## मतदान करने के लिए अवश्य जाएं मतदान आपका हक: अंजना सुंदर शर्मा

**समाचार गेट/सुमित गोयल**

**फरीदाबाद।** पार्षद पद और मेयर पद के लिए चुनाव का समय आ गया है इस पर जब प्रत्याशी अंजना सुंदर शर्मा से बात करी तो उन्होंने लोगों से अपील की मतदान करने अवश्य जाएं मतदान आपका पहला हक है। यह एक लोकतंत्र का पर्व है आप सभी लोगों से विशेष निवेदन है कि आप चुनाव वाले दिन मतदान करने के लिए अवश्य जाएं और एक सही प्रत्याशी का चुनाव करें। क्योंकि आपका मतदान ही निर्धारित करता है कि आप किस प्रत्याशी को अपने बीच में लाना चाहते हैं यह पहली बार है जो मेयर पद का उम्मीदवार जनता द्वारा चुना जा रहा है आप ऐसे प्रत्याशी को चुने जो जमीन स्तर पर काम कर चुका हो तभी आप अपने शहर और वार्डों का विकास कर पाएंगे। चुनाव का समय है आप सभी अपने घरों से निकलकर अधिक से अधिक मतदान करें मतदान आपका हक है सही उम्मीदवार को चुन्ना आपका हक है।



## सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट करें नामित : पंकज अग्रवाल

### बीएलए की त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में रहती है अहम भूमिका

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री पंकज अग्रवाल ने प्रदेश में राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आह्वान किया है कि वे अपनी-अपनी पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नामित करें और इसकी सूची रिकार्ड के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। पंकज अग्रवाल आज इस संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने हाल में ही सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए कि वे अपने-अपने राज्यों में राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट, पोलिंग स्टेशनवार नियुक्त करवाएं और इसका रिकार्ड भी सुरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि हरियाणा 6 राष्ट्रीय स्तर तथा दो राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल हैं। सभी दलों को बूथ लेवल एजेंट 1 और 2 की नियुक्ति करनी है। राजनीतिक दलों के लिए बूथ लेवल एजेंट एक प्राधिकृत व्यक्ति है जो मतदान से संबंधित सामग्री अपनी पार्टी के लिए चुनाव आयोग से लेता है। उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदान सूची तैयार करने में बीएलओ को मतदाताओं के संबंध में आवश्यक जानकारी बूथ लेवल एजेंट उपलब्ध करवाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करने की चुनाव आयोग ने सिफारिश की थी, लेकिन अधिकांश राजनीतिक दल इसके प्रति गंभीर नहीं हैं। उन्होंने कहा कि 3 मार्च 2025 तक सभी राजनीतिक




दल बूथ लेवल एजेंटों की जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दल जिलों में एक या दो व्यक्तियों को अधिकृत करें, जो बीएलए नामित करने के लिए आगे की प्रक्रिया जारी रख सकें।

उन्होंने कहा कि 4 व 5 मार्च को दिल्ली के भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन परिषद में सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की दो दिवसीय कार्यशाल का आयोजन होना है और भारत निर्वाचन आयोग ने बीएलए की नियुक्ति बारे भी एक सत्र का आयोजन भी करना है। इसलिए यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की साथ त्रिमासिक बैठक करेंगे। इसके अलावा अगामी बैठक 15 दिन बाद बुलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अब चुनाव का समय नहीं है, परंतु हमें इस समय का सदुपयोग करते हुए चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी औपचारिकताएं रिकार्ड में दुरुस्त करनी हैं। बीएलए की सूची उनमें एक है। बैठक में हरियाणा संयुक्त निर्वाचन अधिकारी श्री अपूर्व व राजकुमार और राजनीतिक दलों में भाजपा की ओर से वीरेंद्र गर्ग, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से परविंद्र सिंह, सीपीआई (एम) की ओर से एचएस साथी तथा इनेलो की ओर से डा. सत्यव्रत धनखड़ मौजूद रहे।

## शहरों की छोटी सरकार बनने के बाद तीन गुणा गति से विकास करवाने की होगी सरकार की गारंटी : नायब सिंह सैनी

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हल्का के नागरिकों के साथ बिताए फुर्सत के क्षण।**

**नगर निकाय का चुनाव प्रचार बंद होने के बाद हल्का लाडवा में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।**

**पिपली नीलधारी गुरुद्वारा साहब में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहब को टेका माथा।**



**समाचार गेट/ब्यूरो**

**लाडवा/कुरुक्षेत्र।** नगर निकाय के चुनावों का प्रचार-प्रसार बंद होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सीधा हल्का लाडवा में पहुंचे। यहां पर फुर्सत के अहम क्षणों को हल्का के नागरिकों के साथ बिताया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हल्का के नागरिकों के साथ मन की बात को सांझा किया। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को अपने बीच पाकर हल्का के लोग गदगद हो गए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को अचानक हल्का लाडवा में नागरिकों के साथ मन की बात को सांझा करने के लिए पहुंचे। मुख्यमंत्री सबसे पहले हल्का के नीलधारी गुरुद्वारा साहब पिपली में पहुंचे और यहां पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने श्री गुरु ग्रंथ साहब को माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के नागरिकों की सुख शांति के लिए अरदास भी की।

इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा और भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा प्रदेश सचिव राहुल राणा ने भी श्री गुरु ग्ं्रथ साहब को माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हल्का लाडवा के कुनाल शर्मा, पंकज बजाज, राजन वडेरा, लक्की गर्ग, पवन अटवाल, नीरज अग्रवाल सहित अन्य नागरिकों से अपने मन की बात को सांझा किया और उनके परिवारजन का हाल चाल भी पूछा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इस सहज स्वभाव को देखकर हल्का के आम नागरिक आश्चर्य चकित रह गए और उन्होंने भी खुल कर मुख्यमंत्री के साथ बातचीत की। इस बातचीत के बाद आम नागरिकों के चेहरे पर विशेष खुशी को देखा जा सकता था। मुख्यमंत्री के समक्ष परिवार के बच्चों से लेकर बुर्जग ने भी अपने मन की बात को रखा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोगों की सेवा करना ही उनका एकमात्र उद्देश्य है, इसी उद्देश्य को लेकर हल्का के नागरिकों के साथ-साथ प्रदेशवासियों के बीच पहुंच रहे है। इस बातचीत के दौरान कई सकारात्मक सुझाव और विषय भी संज्ञान में आते है। इन सुझावों पर प्रदेश सरकार की तरफ से संज्ञान भी लिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अब हरियाणा प्रदेश के शहरों में छोटी सरकार बनने जा रही है। इस छोटी सरकार के बनने के बाद प्रदेश में ट्रिप्पल इंजन की सरकार तेज गति के साथ विकास के पथ पर दौडेगी। इस सरकार का लक्ष्य है कि लोगों की आशा के अनुरूप विकास कार्य करवाए जाए ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को मूलभूत सुविधाए मिल सके।

## अंतिम यात्रा की राह भी नहीं हुई आसान, सीवरेज के पानी से गुजरी शव यात्रा

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** राम नाम सत्य है भले ही व्यक्ति की शव यात्रा निकालते समय ज्यादा बोला जाता हो, लेकिन नगर निगम के विकास के दावे सत्य नहीं माने जा सकते। सुविधाओं देने के दावे करने वाले नगर निगम की अनदेखी से शमशान घाट भी प्रभावित हैं। यूं कहें कि अंतिम यात्रा की राह भी आसान नहीं रही। वहां भी शहर की आम गलियों की तरह सीवरेज के पानी से होकर ही जाना पड़ा। दरअसल, एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार के लिए लोग शव यात्रा लेकर मदनपुरी शमशान घाट पहुंचे। वहां पर देखा कि गेट के भीतर सीवरेज का पानी भरा हुआ है। दोनों तरफ चिताएं हैं, लेकिन बीच के रास्ते पर सीवरेज का पानी भरने के कारण वहां से निकलना मुनासिब नहीं था। लोगों को काफी परेशानी हुई। खासकर उन्हें जो शव को अपने कंधों पर उठाए हुए थे। चिता पर मुखाग्नि देते समय भी लोग एक जगह पर खड़े नहीं हो सकते। आधे से ज्यादा लोग दूसरी तरफ के शेड की तरफ खड़े होने को मजबूर हुए। व्यक्ति की अंतिम यात्रा के समय भी उसकी राह आसान नहीं होने से लोगों में भी रोष रहा। मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि मदनपुरी शमशान घाट क्षेत्र का बहुत बड़ा शमशान घाट है। यहां हर घंटे किसी ना किसी के अंतिम संस्कार के लिए लोग आते हैं। ऐसे में यहां की व्यवस्था खराब नहीं होनी चाहिए।

## परीक्षा केंद्र से पेपर बाहर निकलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों पर कड़ा एक्शन

**चार डीएसपी और तीन एसएचओ सहित 25 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सस्पेंड**

**पांच परीक्षा निरीक्षक (इनविजीलेटर) के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**4 बाहरी लोग और 8 विधार्थियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज**

**दो सेंटर सुपरवाइजर भी सस्पेंड**

**समाचार गेट/ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में पेपर परीक्षा केंद्र से बाहर निकालने के मामले पर कड़ा संज्ञान लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। इस मामले में अभी तक दोषी पाए गए 25 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सस्पेंड करने के आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें चार डीएसपी और तीन एसएचओ शामिल है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जो आज यहां पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे ने बताया कि इसके अतिरिक्त सरकारी स्कूलों के चार परीक्षा निरीक्षक (इनविजीलेटर) और प्राइवेट स्कूल की एक परीक्षा निरीक्षक (इनविजीलेटर) के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही, सरकारी स्कूल के चारों परीक्षा निरीक्षकों (इनविजीलेटर) को निलंबित कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, दो सेंटर सुपरवाइजर को भी निलंबित किया गया है। इन मामलों में विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर नकल करवाने अथवा पेपर परीक्षा केंद्र से बाहर निकालने के आरोप में अभी तक चार बाहरी व्यक्तियों और आठ विद्यार्थियों पर भी एफआईआर दर्ज की गई है।

**डीसी/एसपी कहीं पर भी कोताही न बरते**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में अभी जाँच जारी है। सभी जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को कड़े आदेश जारी करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि परीक्षा केंद्र के समीप कोई



व्यक्ति न जाने पाए और 500 मीटर की दूरी से बाहर रहें। इस सम्बन्ध में अगर प्रदेश में कहीं पर भी शिकायत आती है तो संबंधित जिला प्रशासन इसका जिम्मेदार होगा।

इस अवसर पर सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक श्री के. मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव श्री प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।

# गोरखपुर में ढहाई जा रही 4 मंजिला मस्जिद

**गोरखपुर।** गोरखपुर में 4 मंजिला मस्जिद गिराई जा रही है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने मस्जिद के दो फ्लोर को अवैध बताया था। इसे गिराने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया था। जो 28 फरवरी को पूरा हो गया। मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने सुबह 10 बजे 15 मजदूरों को लगाकर दो फ्लोर गिराने का काम अपने स्तर पर शुरू कर दिया। मस्जिद घोष कंपनी चौराहे के पास बनी है। GYDYA की ओर से कहा गया था कि अगर कमेटी मस्जिद खुद नहीं तोड़ती है तो ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। प्राधिकरण ने बिना नक्शा पास कराए मस्जिद के निर्माण पर आपत्ति जताई है। मस्जिद कमेटी की ओर से पक्ष रखा गया है कि यह 20492 स्क्वायर फिट का प्लॉट है। एक समय इसके बीचों बीच में मस्जिद थी। नगर निगम ने जनवरी, 2024 में ढांचा ढहा दिया। कमेटी ने आपत्ति की। जिसके बाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में सहमति बनी। हमें प्लॉट के दक्षिणी कोने में 520 स्क्वायर फिट जमीन मिली। वहीं पर आज यह 4 मंजिला मस्जिद खड़ी है। कमेटी के मुताबिक, मस्जिद नगर निगम की सहमति से ही बनाई गई थी। मगर अब GYDYA मस्जिद को अवैध बता रहा है। मस्जिद का पुराना स्ट्रक्चर कब और कैसे बना? लोगों का कहना है- इस जमीन पर करीब 40 साल पहले अवैध कब्जे होना शुरू हुए। कई मैकेनिक अस्थाई निर्माण बनाकर गाड़ियां



रिपेयरिंग का काम करने लगे। मुस्लिम कम्युनिटी के लोगों ने टीन शेड लगाकर छोटे-छोटे घर तैयार कर लिए। इसी जमीन के बीचो-बीच एक मस्जिद भी बना ली गई। चार दीवार बनाकर टीन शेड डाला गया था। उन्होंने कहा- यह जमीन नगर निगम ऑफिस से सिर्फ 500 मीटर की दूरी पर 20492 स्क्वायर फिट एरिया में है। इसकी कीमत करीब 100 करोड़ रुपए है। नगर निगम ने 22 जनवरी, 2024 को अपनी जमीन से अतिक्रमण हटवा दिए। सिर्फ मस्जिद ही बची। बाद में रात के वक्त उसको भी ढहा दिया गया। मस्जिद का पक्का निर्माण नहीं था, इसलिए बहुत विरोध नहीं हुआ। मगर मुतवल्ली ने ऊट ऑफिस और नगर निगम के अधिकारियों से मिलकर अपनी बात जरूर रखी। कहा कि कोर्ट से मस्जिद के नाम पर डिक्री है, इसलिए उसे नहीं तोड़ना चाहिए था। इसके बाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में यह मामला गया। सहमति बनी कि जमीन के एक हिस्से में मस्जिद के लिए जगह दे दी जाए। पहली बार मस्जिद का मामला कोर्ट कब गया? दरअसल, 1967 में भी नगर निगम ने मस्जिद हटवाने का प्रयास किया था। तब मस्जिद की तरफ से लोग कोर्ट चले गए। दावा किया गया है कि मस्जिद इस जमीन पर 100 साल से है। कोर्ट ने मस्जिद के लिए 1284 स्क्वायर फिट जमीन देने का आदेश दिया। इसमें 24७26 स्क्वायर फिट जमीन मस्जिद के लिए दी। साथ ही, 60 फीट लंबा और 11 फीट चौड़ी जमीन मस्जिद के रास्ते के लिए दी थी। कोर्ट का यह आदेश नगर निगम की बोर्ड बैठक में रखा गया। फैसला हुआ कि जमीन के दक्षिण-पश्चिम कोने में 24७26 स्क्वायर फीट जमीन मस्जिद के लिए दी जाएगी। सड़क यहां पहले से है। नगर निगम के बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लग गई। GYDYA मस्जिद को अवैध क्यों बता रहा? नगर निगम बोर्ड से प्रस्ताव पास होने के बाद मस्जिद कमेटी ने 4 मंजिला इमारत खड़ी कर ली। 15 फरवरी को GYDYA के अवर अभियंता ने निर्माण को रोकने के लिए कहा।

## सरकारी स्कूल में छात्र से कराई सफाई



**फिरोजाबाद।** के जूनियर हाईस्कूल फरिहा में एक छात्र से झाड़ू लगवाने का वीडियो सामने आया है। इस मामले में बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) ने जांच के आदेश दिए हैं। वीडियो में एक छात्र स्कूल में झाड़ू लगाता दिख रहा है। हालांकि वीडियो में कोई शिक्षक नजर नहीं आ रहा है। यह स्पष्ट नहीं है कि बच्चा अपनी मर्जी से सफाई कर रहा है या शिक्षकों के कहने पर। इस मामले में विद्यालय के शिक्षक और छात्र दोनों चुप्पी साधे हुए हैं। बीएसए आशीष पांडे ने बताया कि उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को जांच का जिम्मा सौंपा है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी सरकारी स्कूलों में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। हाल ही में एक सरकारी स्कूल में एक बच्चे को शौचालय में बंद करने का मामला भी प्रकाश में आया था। शिक्षा विभाग करोड़ों रुपये खर्च कर रहा है, लेकिन स्कूलों में बच्चों से पढ़ाई की जगह सफाई कराई जा रही है।

## गोद लेने वाले टीबी रोगियों से रखे भावनात्मक लगाव- डॉ रामजियावन वर्मा

**कुशीनगर।** 100 डे टीबी खोज अभियान के तहत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के प्रेरणा एवं निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे टीबी रोगियों के गोद लेने के कार्यक्रम के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग तमकुही द्वारा शनिवार को ब्लाक सभागर में 75 टीबी रोगियों को प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली दी गई। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन वर्मा ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेना पुनीत कार्य है। जो भी शिक्षक या शिक्षिका गोद लिए लिया है उन



रोगियों से भावनात्मक लगाव रखते हुये उस मरीज से महीने में एक बार जरूर बात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ले ले। विशिष्ट अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एसएन त्रिपाठी ने कहा कि जनांदोलन के द्वारा ही हम जनपद को टीबी मुक्त बना सकते है। उन्होंने इस पुनीत कार्य हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आभार भी प्रकट किया तथा टीबी रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में बताया। अधीक्षक डॉ अमित राय, एमोटीसी डॉ हिमांशु मिश्र, निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र, एसटीएलएस संजय द्विवेदी ने संबोधित किया।अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि शिक्षक शिक्षा कार्य के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका में रहते है। संचालन शिक्षक राजू सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत शिक्षक संघ के अध्यक्ष शम्भू यादव तथा आभार ज्ञापन मंत्री देवेंद्र कुमार ओझा ने किया। इस दौरान एसटीएस धनंजय कुमार पांडेय, बीसीपीएम वाहिद, परामर्शदाता रत्नेश मणि त्रिपाठी,शिक्षक अमरनाथ यादव, अजय सिंह, सुधा सिंह, नलनी गुप्ता, सुनीता यादव, विद्यावती यादव आदि सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षका उपस्थित रहे।

## किसानों का दल पहुंचा पश्चिमी उप्र के खतौली चीनी मिल, ली जानकारी

**कुशीनगर।** गन्ने की उन्नत खेती के गुर सीखने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यात्रा पर गए किसानों ने प्रदेश की सबसे बड़ी खतौली चीनी मिल का भ्रमण किया और प्रधान प्रबंधक गन्ना नीरव श्रीवास्तव से जानकारी ली। पश्चिमी यूपी की नौ दिवसीय यात्रा पर गए किसानों का स्वागत मिल के यूनिट हेड डॉ अशोक कुमार ने किया। प्रधान प्रबंधक गन्ना श्रीवास्तव ने बताया कि मिल परिक्षेत्र में प्रति एकड़ 400 कुंतल गन्ने की उपज है। कुछ किसान प्रति एकड़ पांच से छः सौ कुंतल उपज ले रहे हैं। किसानों को अशोक कुमार ने बताया कि 26 फरवरी तक मिल द्वारा 165 लाख कुंतल गन्ने की पराई हो चुकी है। पिछले वर्ष 240 लाख कुंतल गन्ने की पराई मिल द्वारा की गई थी। प्रमुख प्रजातियां को. 118, को.15023, को. शा. 13235 हैं। मिल कर्मी प्रतिदिन किसानों के खेत पर जाकर मिल की विकास योजनाओं को



बताते हैं। भुगतान 16 फरवरी तक कर दिया गया है। मुजफ्फरनगर गन्ना उत्पादकता और गुड निर्माण में भारत का सबसे बड़ा जिला है। वैज्ञानिक खेती की वजह से हो रहे लाभ के चलते गांव भी शहर जैसे हैं। यात्रा पर गए किसानों से जुड़ी सूचना साझा करते हुए उप्र गन्ना किसान संस्थान पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक और कसया तहसील क्षेत्र के बकनहा निवासी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि पश्चिमी उप्र में पूर्वी उप्र की तुलना में गन्ने की औसत उपज अधिक है। कारण वहां किसान पशु पालन करते है और वैज्ञानिक तरीके से परिवार के साथ खेतों में काम करते हैं। पूर्वांचल में गन्ना विकास की अपार संभावनाएं हैं। जिला गन्ना अधिकारी गोरखपुर और सहायक निदेशक जगदीश यादव ने बताया कि 25 हजार किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अधिक उपज और खुशहाली के लिए किसानों को महाराष्ट्र, हरियाणा प्रशिक्षण के लिए भेजा जाएगा।

## कत्ल के चार गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ चालिस हजार रुपये का जुमार्ना





**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ में 17 फरवरी 2013 को अभियुक्त ने गोली मारकर युवक का कत्ल कर दिया था, कत्ल की वारदात के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर राठ पुलिस ने अ0सं0-183/2013 धाराझ 302/34 आईपीसी के तहत थाना क्षेत्र के कैंधा निवासी प्रहलाद पुत्र गोकुल, अरविन्द पुत्र गोकुल,विरेन्द्र पुत्र ब्रजभूषण सहित राजकुमार पुत्र प्रभुदयाल जोशी के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत हमीरपुर के अपर जिला सत्र फर्स्ट अदालत के स्कालर जज ने प्रहलाद ,अरविन्द ,विरेन्द्र सहित राजकुमार को गुनाहगार मानते हुये उम्रकैद की सजा के साथ ही सभी को हुआ दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई रामसिंह यादव ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वहीं अभियोजन की तरफ से अदालत में दमदार पैरवी करते हुये एडीजीसी चन्दप्रकाश गोस्वामी ने बचाव पक्ष की दलीलों की हवा निकालदी और चारों गुनाहगारों को उम्रकैद की सजा के साथ ही दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना कराने में बड़ी कामयाबी हासिल की।

## रूद्र महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर 501 कुंवारी कन्याओं ने निकाली कलशयात्रा



**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर नगर पालिका परिषद के गांव डिघवा बुजुर्ग स्थित राम जानकी मन्दिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर माथे पर कलश रखे 501 पीत वस्त्रधारी कुंवारी कन्याओं के साथ गणमान्य जनों ने भव्य कलश यात्रा निकाली।

शनिवार को कलश यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पीएन पाठक, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, मण्डल अध्यक्ष राजेश राव, अध्या पांडेय विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह आदि ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व मंदिर परिसर में आचार्य पंडित सदानंद पांडेय ने कलश की पूजन कराई। कलशयात्रा में जय श्री राम के जय घोष से पूरा वातावरण भक्ति मय हो उठा।गाजे बाजे, हाथी, घोड़ा, चार पहिया, वाहनों के काफिले के साथ कलश यात्रा बैरिया चौक, कसया, कुशीनगर होते पहुंची छोटी गंडक गंडक नदी पहुंची

जहां आचार्यों ने मंत्रोच्चारण बीच कलश में जल भरवारा, उसके बाद यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां कलश की स्थापना पूरे विधि-विधान पूर्वक हुई।जगह जगह श्रद्धालुओं ने श्रद्धालुओं को जलपान कराया। इस दौरान यजमान रामप्रीत सिंह, रामेश्वर सिंह, महंत बालक दास, संयोजक सियाराम दास, यज्ञ अध्यक्ष भृगुनाथ दास, ओमप्रकाश सिंह, महेन्द्र तिवारी आद्या पाण्डेय, दिनेश तिवारी, संजय जायसवाल,, राहुल सोनी, हरेंद्र जायसवाल, सोनू चौहान, कन्हैया, श्याम चौहान सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विज्ञान के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ाना ही उद्देश्य:अमितेश कुमार



**कसया, कुशीनगर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय बतरौली के प्रांगण में विज्ञान दिवस के अवसर पर शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन हुआ। बच्चों ने विज्ञान के बेहतरीन प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। बच्चों के प्रोजेक्ट और टीएलएम देख सभी अतिथि काफी प्रभावित रहे और बच्चों की बहुत प्रशंसा भी की। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अमितेश कुमार ने कहा कि विज्ञान के प्रति बच्चों की रुचि बढ़ाना ही इस कार्यकम का उद्देश्य है। साथ ही साथ अगली बार से ब्लॉक स्तर पर भी समस्त उच्च और सांवलिया विद्यालय में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोरखपुर मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा राज्य स्तर पर पुरस्कृत शिक्षक सुनील सिंह एवं प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह का बच्चों के लिए के पूर्ण समर्पण की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। जनपद के एस आर जी राम प्रकाश पांडेय द्वारा बच्चों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट एवं टीएम का अवलोकन किया गया। छात्र अंश सिंह ने सूक्ष्म जीव का मॉडल, अभिषेक ने जंतु कोशिका का मॉडल, कृति ने चंद्रयान 3, अंशिका का श्वसन मॉडल, सोनम का सूर्य ग्रहण मॉडल, अंशिका सिंह का संचार माध्यम मॉडल, प्रियांशु का फैक्ट्री प्रदूषण मॉडल प्रदर्शनी में छाया रहा। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी हाटा द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जिले में द्वितीय रैंक प्राप्त करने वाले इस विद्यालय के छात्र अंश सिंह को सम्मानित भी किया। इसी क्रम में ब्लॉक स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका कुमारी को 3000 रुपए का चेक भी प्रदान किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में मिशन शिक्षण संवाद की जिला संयोजिका मंजू सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देवानंद दुबे, प्राथमिक के पूर्व अध्यक्ष रामनिवास प्रसाद, मोतीचक के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश सिंह, फाजिलनगर से सुरेंद्र मिश्रा, उषा सिंह ,चंदा, रामवीर उपाध्याय , मुन्ना, राहुल , साबिर सिद्दीकी उपस्थित रहे।संचालन अमिताभ मणि त्रिपाठी और प्रधानाध्यापक राजेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रधान असरार अहमद ने की नमामि गंगे योजना की छूटी पाईपलाइन बिछवाने की मांग



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की मौदहा तहसील की गुसियारी ग्राम पंचायत के तेज तर्रार ग्राम प्रधान असरार अहमद ने मौदहा तहसील मीटिंग हाल में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता मेंआयोजित समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके गाँव में नमामि गंगे योजना के तहत डल रही पाईपलाइन कोकरीब दो किलोमीटर तक नहीं बिछाई गई, जबकि प्रधान सहित ग्राम वासियों ने योजना को देख रहे अवर अभियंता सहित जल निगम के अधिकारियों से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन इस बारे में अभी तक कोई सुनवाई नहीं की गई है, वही समाधान दिवस में ग्राम प्रधान असरार अहमद ने अपर जिलाधिकारी को बताया कि गैस एजेंसी से बिहारी के डेरा तक, जबकि आर आर सी सेन्टर से प्राणी के डेरा तक, जबकि बड़ी कब्रिस्तान से कहारन के डेरा, राम अवतार के घर तक, वही श्री चन्द प्रजापति के घर से गुलाम फरीद के मकान तक, जबकि मेन रोड से वीर सिंह के मकान तक, वही धनीराम वर्मा के मकान से पुरानी हरिजन बस्ती हैंडपम्प तक, जबकि अफसाना के घर से क्योटरा मुहाल तक छूटी पाईपलाइन को बिछवाने की गुहार लगाई गई है, ताकि आने वाले गर्मी के मौसम में गाँव वालों को पेयजल की परेशानियों से झूजना न पडे।

### आठ अभियुक्तों को तीन तीन साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ चालिस हजार रुपये का जुमार्ना



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के जलालपुर में 11 जनवरी 2014 को लालाराम नामक युवक को छेडखानी करने पर थाना क्षेत्र के कुपरा गाँव के छिद्दू पुत्र बाबूलाल,छोटे उर्फ बरदानी पुत्र बाबूलाल,देवकरन पुत्र कारेलाल,भूरा पुत्र कारेलाल,बनवारी पुत्र चन्दन,सुरेश पुत्र रघुनाथ,उमाकान्त पुत्र रघुनाथ सहित कालका पुत्र चन्दूलाल ने मारपीट करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके बाद जलालपुर पुलिस ने अ0सं0-03ए/2014 धारा147,323,325,506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था, वहीं आपरेशन कन्विक्शन 28 फरवरी 2025 को हमीरपुर की पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ति माला सिंह नेअभियुक्त 1.छिद्दू 2.छोटे उर्फ बरदानी 3.देवकरन 4.भूरा 5.बनवारी 6.सुरेश 7.उमाकान्त सहित कालका को धारा 323, 325 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये तीन- तीन साल की सख्त सजा के साथ ही किया पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच एस आई अमर सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी, वही अभियोजन की तरफ से अदालत में दमदार पैरवी करते हुये एडीजीसी अवध नरेश सिंह चन्देल ने बचाव पक्ष की दलीलों की हवा निकालकर आठों गुऊ को तीन साल की सख्त सजा के साथ ही पांच-पांच हजार रुपये का जुमार्ना कराने में बड़ी कामयाबी हासिल की।

### बे इरादतन कत्ल के गुनाहगार को सात साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ इक्कीस हजार रुपये का जुमार्ना

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के राठ में 19 सितम्बर 2020 को ग्राम धमना में दबंग अभियुक्त ने गांव के ही युवक को कुल्हाडी मारकर बुरी तरह तरह जख्मी कर दिया था, जिसके बाद जख्मी युवक की मौत हो गई थी, मृतक युवक के पिता की तहरीर पर इस मामले में राठ पुलिस ने धमना निवासी सुरेश कुमार पुत्र मूलचन्द्र प्रजापति के खिलाफ अ0सं0-434/2020 धारा 302,323,504,506 आईपीसी सहित 3(1)दध,3(2)5 एसएसटीएक्ट के तहत मामला दर्ज किया था, जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत 28 फरवरी 2025 को हमीरपुर की एसएसटी अदालत ने अभियुक्त सुरेश को धारा 304(2), 323 आईपीसी के तहत गुनाहगार मानते हुये सात साल की सख्त सजा के साथ ही किया इक्कीस हजार रुपये का जुमार्ना, जबकि मामले की जांच सीओ अखिलेश राजन ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी,वहीं अभियोजन की तरफ से जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी विजय सिंह ने अदालत से अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

### कृषि प्रसार कार्यक्रम पीएनबी द्वारा सैकड़ों किसानों में ऋण वितरित



**कुशीनगर।** पंजाब नेशनल बैंक के तरफ से स्वयं सहायता समूह केन्द्रित कृषि प्रसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाटा तहसील क्षेत्र के पिपरही भडकुलवा के पंजाब नेशनल बैंक के ब्रांच मैनेजर रवि रंजन के कुशल नेतृत्व में सैकड़ों लोगों को ऋण वितरित किया गया। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर प्रकाश डालते हुए, पंजाब नेशनल बैंक गोरखपुर सर्किल हेड आनन्द कुमार राय ने जोर देते हुए बताया कि उनन्ती और तरक्की का जरिया ऋण लेकर किया जा सकता है। आगे उनके द्वारा कहा गया कि बैंक आपका मदद ऋण के जरिए कर रही है इसका मौका हाथ से ना गंवाए। कार्यक्रम में कृषि को बढ़ावा, डेयरी विकास आदि योजनाओं के बारे में बताया गया। ऋण लेकर व्यापार दुकान उद्योग धंधे में पैसा लगाकर एक पूंजीपति उद्यमी बना जा सकता है।अतिथियों को ब्रांच मैनेजर रवि रंजन के द्वारा अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद के सभी शाखा प्रबंधक राम चौरसिया, नागेन्द्र चौधरी, अरुण कुमार पाण्डेय मुख्य प्रबंधक, प्रकाश,मनोज यादव, दुर्गेश कुमार पटेल, सुभम कुमार, विश्वजीत मिश्रा फैजुलरहमान, हीरा पटेल किसान, कन्हैया सिंह, दीनदयाल सिंह को बैंक के तरफ से सम्मानित किया गया। इस दौरान रेखा रामचंद्रन मंडल अध्यक्ष (प्रोटान )गोरखपुर एवं समूह सखी तारा देवी, बैंक सखी तन्नु पांडेय, सुष्मिता देवी, हाटा ब्लाक से ब्लाक मिशन मैनेजर दिलीप कुमार सरोज मौजूद रहे।

## संपादकीय

# भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा

कहते है कि 'जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ़ भागता है' भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा।




नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं।

इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है। मंदिरों और पवित्र स्थलों पर 200 से अधिक कथित हमलों सहित वर्तमान हिंसा एक बड़े, निरंतर कट्टरतावादी अभियान का हिस्सा है। हालिया संकट, जो जुलाई 2024 में कथित छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था, उसकी गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं और यह दशकों से बढ़ते मुस्लिम कट्टता से जुड़े तनावों को दर्शाता है।

भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। आज कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम हो रही है और भारत से टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के ऐसे हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।

# कनीना खंड के 11 गावों हुई औलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसल में हुआ नुकसान

## कृषि तथा भू-राजस्व विभाग के अधिकारी खेतों में जाकर कर रहे आंकलन, फसल खराब होने पर किसानों ने मांगा मुआवजा

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना क्षेत्र में बीती रात्री हुई बारिश व औलावृष्टि से सरसों व गेहूं की फसल को नुकसान हुआ है। जिसे लेकर किसानों ने मुआवजे की मांग की है। बारिश व औलावृष्टि के चलते ग्रामीण क्षेत्र में बिजली सप्लाई गुल हो गई। मौसम खराब होने से विवाह-शादी व रिटारयमेंट समारोह भी फीके रहे। औलावृष्टि से खराब हुई फसल को लेकर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई देने लगी हैं किसानों ने इस बारे में जनप्रतिनिधियों तथा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवा दिया है। बेवल के किसानों महावीर सिंह बेवल, राजेंद्र सिंह, कर्णसिंह, सतबीर सिंह, पूर्णसिंह, बलवान, अजीत सिंह शेमशेर सिंह, मोनू यादव, देवेंद्र, लीलाराम, मेहरचंद, रामसिंह, रामानंद, राकेश शर्मा, रामपत, मुंडिया खेडा के रणजीत, बाबूलाल ने प्रदेश की स्वास्थ मंत्री आरती सिंह राव के कार्यालय इंचार्ज विकास यादव को इस बारे में ज्ञापन भी सौंपा है। जिसमें उन्होंने सरसों व गेहूं के अलावा माहभर पूर्व ढाई एकड भूमि पर बिजाई किए गए तरबूज, खरबूज, ककडी, तोरी, घीया व टींडा की नकदी फसलों में नुकसान बताया है। कृषि एवं भू-राजस्व विभाग के अधिकारी खेतों में पंहुचकर औलावृष्टि प्रभावित फसल का मुआयना कर रहे हैं।





### 3900 एकड फसल में नुकसान की संभावना बनी

बता दें कि कनीना विकास खंड में करीब 32 हजार हैक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 19500 हैक्टेयर भूमि पर सरसों तथा 9500 हैक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। जिनमें शुक्रवार रात्री के समय बारिश के साथ हुई औलावृष्टि से 11 गावों की करीब 3900 एकड भूमि पर खडी फसल में नुकसान की संभावना है। औलावृष्टि प्रभावित गांव खैराना, बेवल, दोंगडा अहीर, दोंगडा जाट, मुंडिया खेडा, कलवाडी, भालखी, मुडायन, झिगावन, गोमला, झगडोली में फसलों को नुकसान हुआ है। कृषि विभाग के अधिकारियों की राय में सरसों व गेहूं की फसल को खैराना में 200 एकड में 0 से 25 फीसदी, 150 एकड में 26 से 50 फीसदी, बेवल में 400 एकड में 0 से 25 फीसदी, 350 एकड में 26 से 50 फीसदी, गोमला में 200 एकड में 26 से 50 फीसदी, मुंडिया खेडा में 200 एक डमें 0 से 25 फीसदी, 150 एक डमें 26 से 50 फीसदी, कलवाडी में 150 एकड में 0 से 25 फीसदी, दोंगडा अहीर व दोंगडा जाट में 200 एकड में 0 से 25 फीसदी, भालखी में 125 एकड में 0 से 25 फीसदी, मुडायन में 200, ढिगावन में 640, झगडोली में 110 एकड में 0 से 25 फीसदी नुकसान का आंकलन किया गया है।'कृषि एवं भू-राजस्व विभाग के अधिकारियों की ओर से आंकलन रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी है। ईधर मौसम की बेरुखी जारी है और भी ओलावृष्टि या बारिश की संभावना जताई जा रही है। जिससे इस समय पकी हुई फसल में नुकसान बढ़ाने की पूरी संभावना है जिसको लेकर किसान परेशान है। कनीना के नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने बताया कि ओलावृष्टि प्रभावित गांव की फील्ड रिपोर्ट तैयार की जा रही है जिसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाऐगा।

कृषि विभाग के एसडीओ डॉ अजय यादव ने बताया कि एवरेज 8-10 एमएम बारिश व औलावृष्टि से खराब हुई सरसों व गेहूं की फसल का आंकलन कर सर्वे रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। बारिश के चलते जगह-जगह पानी जमा हो गया। तापमान में गिरावट आने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। कृषि विभाग के एसडीओ के मुताबिक फिलहाल मौसम खराबी की संभावना बनी हुई है। किसान फसल सिंचाई न करे। इस मौके पर क्षेत्र के किसान उपस्थित थे।

# चुनाव सामग्री व ईवीएम लेकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

## डीएसपी ने पुलिस कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना में आज रविवार 2 मार्च को होने वाले नगरपालिका चुनाव को लेकर शनिवार को सभी 14 मतदान केंद्रो के लिए पोलिंग पार्टियां चुनाव सामग्री व ईवीएम लेकर रवाना हुई। इससे पूर्व चुनाव ड्यूटी के लिए तैनात पुलिस कर्मचारियों को डीएसपी दिनेश कुमार ने जरूरी दिशा-निर्देश दिए।





कनीना के एसडीएम एवं आरओ डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत व एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल ने संवेदनशील मतदान केंद्रो पर सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। वार्ड 9 व 13 को संवेदनशील घोषित किया गया है। उन्होंने मतदाताओं से शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि वोटिंग में सिर्फ वहीं नागरिक मताधिकार का उपयोग कर सकेगा, जिसका नाम संबंधित नगर पालिका की वोटिंग लिस्ट में शामिल है। किसी मतदाता के पास वोटर कार्ड नहीं है तो वह पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के कार्यालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा जारी सेवा पहचान पत्र, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र या आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकेगें। जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी प्रकार के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। चुनाव होने के बाद ईवीएम स्टांग रूम में जमा की जाएगीं।

कनीना में नपा चेयरमैन का पद महिला के लिए आरक्षित होने की वजह से 7 महिलाएं तथा वार्ड पार्षद के लिए 41 सहित कुल 48 उम्मीद्वार चुनाव मैदान में हैं। जिनमें 24 महिलाएं शामिल हैं। इस बार कनीना में चेयरमैन पद के लिए सीधा चुनाव हो रहा है। पांच वार्डो वार्ड नम्बर एक, दो, आठ, 11 व 14 वार्डो में दो-दो प्रत्याशी रहने से उनमें सीधा मुकाबला रहने की संभावना है। नपा कनीना के 14 वार्डों में कुल 10413 मतदाता शामिल हैं जो चेयरमैन सहित वार्ड पार्षदों का चयन करेगें। चुनाव अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि नपा आम चुनाव के लिए शनिवार को पोलिंग पार्टियों ईवीएम देकर रवाना किया गया है। चुनाव के बाद ईवीएम यहीं पर रखी जाएगीं।

12 मार्च को कडी सुरक्षा के बीच मतगणना की जाएगी। शांतिपूर्वक चुनाव के लिए सभी बंदोबस्त पूरे कर लिए गए हैं। इस मौके पर एआरओ नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, डीएसपी दिनेश कुमार, चुनाव कानूनगो पूनम, विक्रम सिंह, कनीना शहर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार उपस्थित थे।

# केंद्रीय विवि में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में एसडी विद्यालय के विद्यार्थियों ने दिखाया जलवा

## भाषण व ई-श्रमिक सॉफ्टवेयर की हुई सराहना



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी जाट पाली में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस समारोह में स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों से 200 से अधिक टीमों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में विज्ञान और नवाचार से विकसित भारत विषय पर अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति देते हुए एसडी विद्यालय खेड़ी की हर्षिता धनौंदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एसडी विद्यालय ककराला की छात्रा मधुर ककराला ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

वहीं, वंडर ऑफ इनोवेशन की वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में दीपांशु सुंदरह, इशिका कनीना व पीयूष ककराला की टीम ने ई-श्रमिक सॉफ्टवेयर प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। यह प्रोजेक्ट श्रमिकों को डिजिटल रूप से संगठित करने और उनकी सुविधा के लिए विकसित किया गया, जिसे विशेषज्ञों ने नवाचार और उपयोगिता के आधार पर सराहा गया। विद्यार्थियों की इस सराहनीय उपलब्धि के पीछे शिक्षक जसबीर जांगिड़ का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा, जिनके सहयोग से इन छात्रों ने सफलता हासिल की। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव सिंह यादव, सीईओ आरएस यादव, प्राचार्य ओमप्रकाश यादव ने विद्यार्थियों को पारितोशिक वितरित किया है।

# शांतिपूर्वक व निष्पक्ष मतदान के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैगमार्च

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना नगरपालिका के निष्पक्ष व शांतिपूर्वक चुनाव करवाने के लिए शनिवार सांय पुलिस बल की ओर से फ्लैगमार्च निकाला गया। जिसका नेतृत्व डीएसपी दिनेश कुमार, एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने किया। ये फ्लैगार्च मुख्य मार्गो व सर्किल से होकर गुजरा। डीएसपी दिनेश कुमार ने कहा कि आमजन अधिक से अधिक संख्या में निडर होकर मतदान करे।

उन्होने कहा कि मतदान में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जायेगा। मतदाताओं को भय मानने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर फ्लाईंग टीमें गश्त करती रहेगीं। फ्लैगमार्च में कनीना शहर थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह, सदर थाना इंचार्ज निरीक्षक मुकेश कुमार सहित पुलिस कर्मचारी शामिल थे।

# हैकर्स ने झांसे में देकर मुंडिया खेडा के व्यक्ति से 30 हजार ठगे

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** हैकर्स ने मुंडिया खेडा के एक व्यक्ति को झांसे में देकर 30 हजार रूपये की ठगी कर ली। इस बारे में पीडित धर्मबीर सिंह ने कनीना सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी का खाता एसएचजी बैंक में है। जो उनके माबाइल फोन से लिंक है। उनके माबाईल फोन पर विकास नामक व्यक्ति ने बात की ओर कहा कि आपके पास 45 हजार रूप्ये गलती से डाल दिए गए हैं। इस बात को सही मानकार मोबाईल फोन की जांच करने लगा तो फोन हैक हो गया ओर पहली बार 25 हजार तथा दूसरी बार 5 हजार रूपये कट गए। पुलिस ने अज्ञात हैकर्स के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# रसूलपुर की दिव्या कौशिक ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिजनों को नाम गौरवांवित किया

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना सब डिवीजन के गांव रसूलपुर निवासी अधिवक्ता अनिल शर्मा की भतीजी दिव्या कौशिक ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीण कर क्षेत्र तथा परिजनों को नाम गौरवांवित किया है। इस बारे में अधिवक्ता अनिल शर्मा ने बताया कि दिव्या कौशिक ने अंग्रेजी विषय से दिसबर 2024 में परीक्षा दी थी जिसका हाल ही में परिणाम जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने सामान्य वर्ग श्रेणी में यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए क्वालीफाई किया है। उन्होंने केंद्रीय विवि जाटपाली से वर्ष 2024 में एमए अंग्रेजी विषय की परीक्षा भी उत्तीर्ण की थी। दिव्या कौशिक ने अपनी सफलता का श्रेय दादा गजानंद कौशिक, मनोहर लाल, दादी माया देवी, ताउ संजय शर्मा, पंचायत समिति सद्स्य अरूण कोच, पिता सुनील शर्मा, माता रेखा देवी, चाची अधिवक्ता उषा शर्मा सहित गुरूजनों को दिया है।



# भारी ओलावृष्टि के बाद युवा इनेलो नेता देर रात मेवातवासियों के दुख में शामिल होने उनके बीच पहुंचे



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूँह जिले में भारी ओलावृष्टि फसलों में हुए भारी नुकसान के बाद देर रात युवा इनेलो नेता चौधरी ताहिर हुसैन एडवोकेट नूँह जिले खासतौर पर नूँह विधानसभा के लोगों व किसानों का दुख बाँटनें उनके बीच पहुंचे।

चौधरी ताहिर हुसैन ने विधानसभा के गाँव अड़बर, सालाहेड़ी, टाँई, हुसैनपुर, सतपूतियाका, सूड़ाका आदि दर्जनभर गाँवों का दौरा कर मौके पर ही खेतों में फसलों का जायजा व निरीक्षण किया। ताहिर हुसैन ने कहा कि नूँह जिले में खासतौर पर नूँह विधानसभा व आस-पास के सैंकडों गाँवों में भारी ओलावृष्टि से फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इसका बड़ा अफसोस है। यह कुदरत का कहर है जिसे कोई नहीं टाल सकता। ताहिर हुसैन ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी व हरियाणा सरकार से माँग करते हुए कहा कि नूँह जिले व नूँह विधानसभा के जिन गाँवों में ओलावृष्टि से फसलों का नुकसान हुआ है उसकी विशेष गिरदावरी कराकर किसानों को शत प्रतिशत मुआवजा दिया जाए तथा विशेष पैकेज का प्रबंध किया जाए, जिससे किसानों के जख्मों पर मलहम लग सके और उनके नुकसान की भरपाई हो सके। ताहिर हुसैन ने मौके पर ही जिला उपायुक्त नूँह से फ़ोन पर बात कर जल्द से जल्द विशेष गिरदावरी कराने का आह्वान किया।

# स्वास्थ्य मंत्री के पीए से मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने किया राउंड अप

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नगरपालिका कनीना के चुनाव को लेकर शनिवार सुबह इंटरनेट मिडिया पर वाय्रल हुई 59 सैकिंड की विडीयो पर संज्ञान लेते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को राउंड अप किया है। विडीओ में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी हरियाणा कैबिनेंट में मंत्री आरती सिंह राव के पीए गोविंद को कनीना नपा चेयरमैन के प्रत्याशी के पति अशोक कुमार आक्रोस में आकर उसे धमकाते व थप्पड मारते दिखाई दे रहे हैं। जिनका एक वरिष्ठ नागरिक व अन्य कार्यकर्ता बीचबचाव करते दिखाई दे रहे हैं। यह विडीओ जंगल में आग की भांति शर्कुलेट हो गया। राजनीतिक गलियारों में इसके अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह विडीयो केंद्रीय मंत्री व प्रदेश की स्वास्थ मंत्री के संज्ञान में आ गया है। चुनाव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस ने आरोपी व्यक्ति को डिटेन किया है।

'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समाचार गेट
को TITLE CODE : HARHIN11569
आवश्यकता है
♦ हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
♦ उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
♦ ग्रामीण संवाददाता ♦ फोटोग्राफर
♦ विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
samachargate@gmail.com
Cont.: 9212339503

## संक्षिप्त समाचार

### आठ दिवसीय दौरे पर कल दिल्ली पहुंचेंगी बेल्जियम की राजकुमारी

**ब्रसेल्स, एजेंसी।** बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड शनिवार को आठ दिवसीय दौरे पर दिल्ली पहुंचेंगी। इस दौरान वह एक उच्चस्तरीय आर्थिक मिशन का नेतृत्व करेंगी। इसका उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा, स्वास्थ्य, विज्ञान, परिवहन और रसद के प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाना है। बेल्जियम के राजदूत डिडिएर वेंडरहासेल्ट ने कहा कि मिशन का फोकस कई क्षेत्रों में भारत-बेल्जियम आर्थिक जुड़ाव का विस्तार करना होगा। मिशन में बेल्जियम की प्रमुख कंपनियों सहित 326 आधिकारिक प्रतिनिधि और उद्योग विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार जारी : वेटिकन

**रोम, एजेंसी।** वेटिकन ने बृहस्पतिवार को बताया कि डबल निमोनिया से पीड़ित पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार हो रहा है। हालांकि, डॉक्टरों ने कहा है कि उन्हें नैदानिक स्थिरता के लिए कुछ और दिनों की आवश्यकता है, इससे पहले कि वे उनकी स्थिति के बारे में अपना पूर्वानुमान बदल सकें। वेटिकन ने एक अपडेट में बताया कि 88 वर्षीय पोप ने बेहतर श्वसन स्थिति के संकेत दिखाए हैं और वे नाक की नली के जरिए दिए जाने वाले ऑक्सीजन को मास्क के साथ बारी-बारी से ले रहे हैं। डॉक्टरों ने लगातार दूसरे दिन कहा है कि फ्रांसिस की हालत गंभीर नहीं है। लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि फेफड़ों के संक्रमण की जटिलताओं को देखते हुए, उन्हें खतरे से बाहर घोषित करने के लिए कुछ और दिनों की आवश्यकता है। बता दें कि फ्रांसिस 14 फरवरी से रोम के जेमेली अस्पताल में हैं।

### आयोवा सीनेट ने लिंग पहचान सुरक्षा को हटाने वाले विधेयक को मंजूरी दी

**डेस मोइनेस, एजेंसी।** आयोवा सीनेट ने बृहस्पतिवार को एक विधेयक को मंजूरी दी, जो राज्य के नागरिक अधिकार कानून से लिंग पहचान सुरक्षा को हटा देगा। अब यह प्रस्ताव आयोवा सदन में अंतिम मंजूरी के लिए भेजा गया है। यह विधेयक पेश किए जाने के एक सप्ताह बाद ही सीनेट द्वारा पारित किया गया। एलजीबीटीक्यू+ समुदाय के अधिवक्ताओं ने इसका विरोध किया और बार-बार रैलियां कीं। सदन द्वारा इस विधेयक को मंजूरी दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद यह गवर्नर किम रेनॉल्ड्स के पास जाएगा, जो लिंग पहचान सुरक्षा को सीमित करने के प्रयासों का समर्थन करती हैं। विधेयक आयोवा के नागरिक अधिकार कानून में बदलाव करता है, जो अब नस्ल, रंग, पंथ, लिंग पहचान, लिंग, यौन अभिविन्यास, धर्म, राष्ट्रीय मूल या विकलांगता के आधार पर भेदभाव से बचाता है।

### गाजा संघर्ष विराम के अगले चरण पर इस्राइल-हमास के बीच बातचीत शुरू : मिस्र

**गाजा, एजेंसी।** मिस्र ने कहा कि गाजा संघर्ष विराम के अगले चरण पर इस्राइल और हमास के बीच काहिरा में बातचीत शुरू हो गई है। मिस्र की राज्य सूचना सेवा के अनुसार, इस्राइल, कतर और अमेरिका के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को संघर्ष विराम के दूसरे चरण पर गहन चर्चा की है। बयान में कहा गया है, मध्यस्थ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा कर रहे हैं, ताकि लोगों की पीड़ा कम हो सके और क्षेत्र में स्थिरता लाई जा सके। बातचीत शुरू होने से यह उम्मीद है कि संघर्ष विराम टूटने से बचा जा सकेगा, जिसका पहला चरण शनिवार को समाप्त हो रहा है। समझौते के अनुसार, संघर्ष विराम तब तक प्रभावी रहेगा जब तक दूसरे चरण की बातचीत चल रही है।

### मैक्सिकन ड्रग माफिया राफेल कैरो क्विंटेरो अमेरिका प्रत्यर्पित

**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मैक्सिको ने ड्रग माफिया राफेल कैरो क्विंटेरो को अमेरिका प्रत्यर्पित किया है, जो 1985 में अमेरिकी डीईए एजेंट की हत्या के पीछे था। उसे अमेरिका सरकार द्वारा अनुरोधित 28 कैदियों के साथ अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है। एक मैक्सिकन अधिकारी ने बृहस्पतिवार को नाम न बताने की शर्त पर कैरो क्विंटेरो के प्रत्यर्पण की पुष्टि की। मैक्सिको के अटॉर्नी जनरल के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बृहस्पतिवार को प्रत्यर्पित किए गए 29 कैदियों पर अन्य अपराधों के अलावा ड्रग तस्करी से संबंधित आरोप हैं। मैक्सिको की सरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सभी मैक्सिकन आयातों पर 25त्न टैरिफ लगाने की धमकी को टालने की कोशिश कर रही है, जिसे अगले सप्ताह लगाया जा सकता है। कैरो क्विंटेरो को 2022 में मैक्सिकन बलों द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

### रोमानिया में दुष्कर्म-तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे एंड्रयू टेट अमेरिका पहुंचे

बुखारेस्ट, एजेंसी।
रोमानिया में मानव तस्करी के आरोपों का सामना कर रहे प्रभावशाली भाई एंड्रयू और ट्रिस्टन टेट बृहस्पतिवार को अमेरिका पहुंचे। अधिकारियों ने इन पर लगे यात्रा प्रतिबंध हटा दिए हैं। दोनों भाइयों के ऑनलाइन लाखों अनुयायी हैं। ये भाई फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल में दोपहर के करीब पहुंचे। एंड्रयू और ट्रिस्टन टेट, जो अमेरिकी-ब्रिटिश नागरिक हैं, को 2022 के अंत में गिरफ्तार किया गया था। उन पर आरोप है कि वे एक आपराधिक गिरोह का हिस्सा हैं, जो महिलाओं को रोमानिया में फुसलाकर लाता था।

# ट्रंप के फैसलों को अदालत ने ठहराया गलत, जज ने कहा- अस्थायी कर्मियों की सामूहिक बर्खास्तगी गैरकानूनी

**सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी।** सैन फ्रांसिस्को में एक संघीय न्यायाधीश के अनुसार प्रोबेशन पर रहने वाले कर्मचारियों कीसामूहिक बर्खास्तगी गैरकानूनी थी। अदालत के इस फैसले से श्रमिक संघों और संगठनों के गठबंधन को कुछ अस्थायी राहत मिली है। इन संगठनों ने ट्रम्प प्रशासन की ओर से संघीय कार्यबल में बड़े पैमाने पर कटौती को रोकने के लिए मुकदमा दायर किया गया था। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के जिला न्यायाधीश विलियम अलसुप ने कार्मिक प्रबंधन कार्यालय (ओपीएम) को आदेश दिया कि वह कुछ संघीय एजेंसियों को सूचित करे कि उसके पास रक्षा विभाग सहित प्रोबेशन पर काम कर रहे कर्मियों को बर्खास्त करने का आदेश देने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, ओपीएम को किसी भी कानून के तहत अपने अलावा किसी अन्य कर्मचारी को नौकरी पर रखने या निकालने का कोई अधिकार नहीं है। अलसुप ने पिछले सप्ताह संगठन की ओर से दायर मुकदमे में श्रमिक यूनियनों और गैर-लाभकारी संगठनों द्वारा मांगी गई अस्थायी राहत के तहत यह आदेश दिया।



**पांच श्रमिक संघों और गैर-लाभकारी संगठनों ने अदालत से मांगी थी राहत :** पांच श्रमिक संघों और पांच गैर-लाभकारी संगठनों की दायर की गई शिकायत उन कई मुकदमों में से एक है, जो संघीय कार्यबल को बहुत कम करने के प्रशासन के प्रयासों को पीछे धकेलती है, जिसे ट्रम्प ने अधिक कार्यबल वाला और लापरवाह कहा है। हजारों परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को पहले ही निकाल दिया गया है और उनका प्रशासन अब सिविल सेवा सुरक्षा वाले करियर अधिकारियों को निशाना बना रहा है।

वादियों का कहना है कि कार्मिक प्रबंधन कार्यालय के पास परिवीक्षाधीन कर्मचारियों की नौकरी समाप्त करने का कोई अधिकार नहीं है, जो आम तौर पर एक साल से भी कम समय के लिए नौकरी पर होते हैं। उनका यह भी कहना है कि कर्मचारियों के खराब प्रदर्शन के झूठ के आधार पर उन्हें नौकरी से निकाला गया।

**सरकार के वकीलों ने कहा- हमने नहीं दिया बर्खास्तगी का आदेश :** सरकार के वकीलों का कहना है कि कार्मिक प्रबंधन कार्यालय ने बर्खास्तगी का निर्देश नहीं दिया, बल्कि एजेंसियों से समीक्षा करने और यह निर्धारित करने के लिए कहा कि क्या प्रोबेशन पर चल रहे कर्मचारी आगे की नौकरी के लिए उपयुक्त हैं या नहीं। उनका यह भी कहना है कि परिवीक्षाधीन कर्मचारियों को नौकरी की गारंटी नहीं दी जाती है और केवल उच्चतम प्रदर्शन करने वाले और मिशन-महत्वपूर्ण कर्मचारियों को ही काम पर रखा जाना चाहिए।

संघीय एजेंसियों में लगभग 200,000 परिवीक्षाधीन कर्मचारी हैं- आम तौर पर वे कर्मचारी जो एक साल से भी कम समय के लिए नौकरी पर होते हैं। शिकायत में कहा गया है कि कैलिफोर्निया में लगभग 15,000 कर्मचारी कार्यरत हैं, जो अग्निशमन से लेकर दिग्गजों की देखभाल जैसी सेवाएं प्रदान करते हैं। यूनियनों ने हाल ही में दो अन्य संघीय न्यायाधीशों के साथ इसी प्रकार के मुकदमों में बहस की है, जिसमें संघीय कार्यबल में भारी कटौती करने के ट्रम्प प्रशासन के लक्ष्य को रोकने का प्रयास किया गया था। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की ओर से नियुक्त डेमोक्रेट अलसुप ने कई हाई-प्रोफाइल मामलों की अध्यक्षता की है और अपनी बेबाक बातों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पैसिफिक गैस एंड इलेक्ट्रिक की आपराधिक परिवीक्षा की देखरेख की और देश की सबसे बड़ी उपयोगिता को कैलिफॉर्निया के लिए निरंतर खतरा कहा।

## पेंटागन के आदेशों के तहत अब ट्रांसजेंडर सैनिकों की पहचान जारी

**पेंटागन, एजेंसी।** अमेरिका में सैन्य सेवाओं को 30 दिन का समय दिया गया है ताकि वे तय कर सकें कि ट्रांसजेंडर सेवा सदस्यों की पहचान कैसे की जाएगी और उन्हें सेना से हटाने के लिए क्या प्रक्रिया अपनाई जाएगी। यह एक चुनौतीपूर्ण काम है, जिसमें सैनिकों को खुद रिपोर्ट करने या अपने सहकर्मियों की जानकारी पर निर्भर रहना पड़ सकता है। रक्षा विभाग के नेताओं को बृहस्पतिवार को एक ज्ञापन भेजा गया, जिसमें पेंटागन ने एक मुकदमे के जवाब में सेवाओं को 26 मार्च तक उन सैनिकों की पहचान करने का आदेश दिया है जो लिंग डिस्फोरिया से पीड़ित हैं या उनका उपचार चल रहा है। इसके बाद उन सैनिकों को सेवा से हटाने के लिए 30 दिन का समय होगा। यह आदेश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल के शुरुआती दिनों में हस्ताक्षरित कार्यकारी आदेश का विस्तार है, जिसमें ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को सेना में सेवा करने से रोकने के कदम उठाए गए थे। इस निर्देश को अदालत में चुनौती दी गई है।

## उत्तर कोरिया ने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया, अमेरिका की धमकी के बाद उठाया कदम

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि उन्होंने क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया। यह परीक्षण उत्तर कोरिया ने अपनी परमाणु रोधी क्षमताओं का प्रदर्शन करने के लिए किया है। उत्तर कोरिया ने कहा है कि अमेरिकी धमकी के बाद उन्होंने ये कदम उठाया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया केसीएनए ने बताया कि उनके नेता किम जोंग उन ने भी मिसाइल परीक्षण का निरीक्षण किया। उत्तर कोरिया के अनुसार, यह परीक्षण बुधवार को देश के पश्चिमी तट पर किया गया। यह इस साल उत्तर कोरिया का चौथा मिसाइल परीक्षण है और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से दूसरा मिसाइल परीक्षण है। केसीएनए ने कहा कि यह देश के दुश्मनों को पैगाम है, जो हमारे सुरक्षा वातावरण का गंभीर रूप से उल्लंघन कर रहे हैं और संघर्ष को बढ़ा रहे हैं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने मिसाइल परीक्षण के नतीजों पर संतोष जताया और कहा कि सेना को युद्ध के लिए तैयार रहने और साथ ही अपने परमाणु हथियारों को भी तैयार रखने की जरूरत है।



**अमेरिका पर लगाया था उकसावे की कार्रवाई करने का आरोप :** बीते शनिवार ही उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री ने आरोप लगाया था कि अमेरिका और इसके सहयोगी देश उत्तर कोरिया के खिलाफ उकसावे वाली कार्रवाई कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त युद्धाभ्यास पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में तीन बार उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन से मुलाकात की थी। अब दूसरे कार्यकाल में भी ट्रंप ने किम जोंग उन से मिलने की इच्छा जाहिर की है। हालांकि अभी तक उत्तर कोरियाई नेता की तरफ से सीधे तौर पर ट्रंप के प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है और उत्तर कोरिया द्वारा लगातार अमेरिका के खिलाफ आक्रामक रुख बरकरार रखा है। किम जोंग उन पर रूस-यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजने के आरोप लग रहे हैं।

## फिलीपींस में स्कूबा डाइविंग के दौरान दो रूसी पर्यटकों की मौत

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस में स्कूबा डाइविंग के दौरान हुए हादसे में दो रूसी पर्यटकों की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य रूसी पर्यटक अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। हादसे में मारे गए दोनों रूसी पर्यटकों के शव बरामद हो गए हैं, जिनमें से एक की मौत डूबने की वजह से हुई, जबकि एक पर्यटक की मौत शार्क मछली के हमले में हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिलीपींस के बतंगास प्रांत में स्थित वेर्दे द्वीप स्कूबा डाइविंग के लिए प्रसिद्ध है। फिलीपींस के तटरक्षक बल ने बताया कि रूस के चार पर्यटक वेर्दे द्वीप पर स्कूबा डाइविंग के लिए पहुंचे थे। चारों पर्यटकों ने फिलीपींस के एक इंस्ट्रक्टर के साथ वेर्दे द्वीप के पानी में स्कूबा डाइविंग की थी। जब पांचों पानी के अंदर थे, तभी एक तेज बहाव में सभी लोग बह गए। दो पर्यटक और इंस्ट्रक्टर किसी तरह पानी की सतह पर पहुंचे और अपनी नौका में पहुंचने में सफल रहे। दो लापता पर्यटकों की तलाश में राहत और बचाव अभियान चलाया गया। जिसमें एक पर्यटक का शव पानी पर तैरता मिला। इस पर्यटक की मौत की वजह डूबना बताया जा रहा है। वहीं एक पर्यटक का शव क्षत विक्षिप्त हालत में मिला और उसके चारों तरफ शार्क मछली तैरती मिलीं।

# जिसने हसीना सरकार गिराई, अब उसी की कुर्सी पर नजर; बांग्लादेश में नई पार्टी का ऐलान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की सियासत में एक बड़ा उलटफेर होने जा रहा है। जिस आंदोलन कारियों ने कभी शेख हसीना सरकार के खिलाफ संघर्ष की अगुवाई की थी, वही अब खुद सियासी मैदान में उतर रहे हैं। राष्ट्रीय नागरिक कमेटी और छात्र आंदोलन के संयुक्त प्रयास से बांग्लादेश में एक नए राजनीतिक दल राष्ट्रीय नागरिक पार्टी (एनसीपी) के गठन की आधिकारिक घोषणा की गई है।

इस नई पार्टी की कमान नाहिद इस्लाम को सौंपी गई है, जो अभी हाल ही में अंतरिम सरकार से इस्तीफा देकर बाहर आए हैं। उन्हें पार्टी का मुख्य संयोजक बनाया गया है, जबकि राष्ट्रीय नागरिक कमेटी के सदस्य सचिव अख्तर हुसैन को महासचिव का पद दिया गया है। नासिरुद्दीन पाटवारी मुख्य संयोजक होंगे, जबकि सामंथा शारमिन वरिष्ठ संयुक्त संयोजक की भूमिका निभाएंगी। इसके अलावा, अब्दुल हन्नान माशूद, हसनात अब्दुल्ला, सारजिस आलम और सालेहुद्दीन सिफात को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**यूनुस से है कनेक्शन** बांग्लादेश की राजनीति में यह सवाल गूंजने लगा है कि इस नई पार्टी के पीछे क्या नोबेल पुरस्कार विजेता और हाल ही में अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार रहे मुहम्मद यूनूस का हाथ है? विपक्षी




दल बीएनपी पहले ही दावा कर चुका है कि यूनुस एक नए राजनीतिक दल की नींव रखने में जुटे हैं। हालांकि, अभी तक इस पार्टी और यूनुस के बीच सीधा कोई संबंध सामने नहीं आया है।

**शेख हसीना के लिए नई चुनौती** बांग्लादेश में इस नए राजनीतिक दल का उभरना शेख हसीना की पार्टी के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा। राष्ट्रीय नागरिक पार्टी की जड़ें उन आंदोलनों में हैं जिन्होंने सत्ताधारी दल के खिलाफ मुखर विरोध किया था। अब देखना दिलचस्प होगा कि यह नया राजनीतिक मोर्चा बांग्लादेश की राजनीति में क्या बड़ा उलटफेर कर सकता है।

# चैंपियंस ट्रॉफी में हार से पाक में बवाल, प्रधानमंत्री शरीफ लेंगे ऐक्शन





**इस्लमाबाद, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान क्रिकेट टीम की शर्मनाक हार ने न सिर्फ फैंस बल्कि हुक्मरानों को भी तिलमिला दिया है। पहले न्यूजीलैंड से 60 रनों की करारी हार और फिर चिर-प्रतिद्वंदी भारत के हाथों 6 विकेट से मिली शिकस्त के बाद पाकिस्तान टीम का सफर खत्म हो गया। रही-सही कसर बारिश ने निकाल दी, जब बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी मैच बिना गेंद फेंके ही धुल गया। अब इस हार के बाद पाकिस्तान की सियासत भी गर्म हो गई है, और नेताओं ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को घेरने की तैयारी कर ली है। प्रधानमंत्री के राजनीतिक और सार्वजनिक मामलों के सलाहकार राणा सनाउल्लाह ने ऐलान किया है कि वो पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से कहेंगे कि इस मामले को कैबिनेट और पार्लियामेंट में उठाया जाए। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड को सरकारी शिकंजे में लाने की भी पेशकश की है।

**पीसीबी पर फूटा गुस्सा :** अपने बयान में सनाउल्लाह ने कहा कि पाकिस्तान के घरेलू क्रिकेट की खस्ता हालत किसी से छुपी नहीं, लेकिन पीसीबी में बैठे बड़े अधिकारियों की तिजोरी दिन-ब-दिन मोटी होती जा रही है। राणा सनाउल्लाह ने दावा किया कि पांच-पांच करोड़ रुपये सैलरी लेने वाले मेंटॉर खुद कबूल कर चुके हैं कि उन्हें अपने काम की ही समझ नहीं। ऊपर से पीसीबी के खिलाड़ी और अफसर जिस तरह की लग्जरी एंजॉय कर रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान जैसे कर्ज में डूबे मुल्क को ये सब कैसे बर्दाश होगा। राणा सनाउल्लाह ने पीसीबी में अपनों को फिट करने की परंपरा पर भी सवाल उठाए और कहा कि पिछले एक दशक से पाकिस्तान क्रिकेट का 'अपनों का राज' बना हुआ है। हर बार बोर्ड बदलता है, मगर हालात वैसे के वैसे ही रहते हैं। राणा सनाउल्लाह के बयान से साफ है कि अब पीसीबी को संसद और कैबिनेट के कठघरे में खड़ा करने की तैयारी हो रही है। सवाल ये है कि पाकिस्तान क्रिकेट की बदहाली वाकई सुधारने की कोशिश होगी।

# आईईसी ने बुजुर्ग देखभाल रोबोट के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक जारी किया



**बीजिंग, एजेंसी।** हाल ही में, अंतर्राष्ट्रीय इलेक्ट्रोटेक्निकल आयोग (आईईसी) ने आधिकारिक तौर पर बुजुर्ग देखभाल रोबोट के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक जारी किया, जिसका नेतृत्व चीन ने किया। यह मानक वैश्विक बुजुर्ग देखभाल रोबोट उद्योग के स्वस्थ विकास का नेतृत्व करेगा।

गुरुवार को चीनी राज्य बाजार विनियमन प्रशासन से यह जानकारी मिली। जानकारी के अनुसार, यह मानक दैनिक जीवन और स्वास्थ्य देखभाल जैसे विभिन्न पहलुओं में बुजुर्गों की जरूरतों और विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित करता है और बुजुर्ग देखभाल रोबोटों के लिए स्वास्थ्य स्थिति और आपातकालीन निगरानी सेवाएं भी प्रदान करता है। इस मानक के जारी होने और कार्यान्वयन से बुजुर्ग देखभाल रोबोट के निर्माताओं को बुजुर्गों की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक विशेषताओं और जरूरतों पर ध्यान केंद्रित करने, बुजुर्ग देखभाल रोबोट उत्पादों को डिजाइन और विकसित करने और उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे बुजुर्गों की देखभाल करने वाले रोबोट उद्योग के लिए आगे बढ़कर एक नया रास्ता तैयार किया जाएगा।

# दक्षिण कोरिया में बीते एक दशक में पहली बार बढ़ी जन्म दर, गंभीर जनसांख्यिकी संकट से गुजर रहा देश

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया, जो दुनिया के सबसे गंभीर जनसांख्यिकी संकट से जूझ रहा है, उसके लिए एक राहत की खबर आई है। दरअसल बीते साल दक्षिण कोरिया में बीते करीब एक दशक में पहली बार जन्म दर में बढ़ोतरी हुई है। दक्षिण कोरिया की सांख्यिकी एजेंसी ने बताया है कि साल 2024 में दक्षिण कोरिया में 2,38,300 बच्चों का जन्म हुआ। यह साल 2023 के मुकाबले 8,300 ज्यादा है। एजेंसी के अनुसार, साल 2015 से लेकर अब तक यानी बीते नौ साल में पहली बार जन्म दर में बढ़ोतरी है।

**विशेषज्ञों ने जन्मदर बढ़ने की ये वजह बताई :** रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण कोरिया की जन्म दर साल 2023 में 0.72 थी, जो साल 2024 में बढ़कर 0.75 हो गई है। दक्षिण कोरियाई विशेषज्ञों का कहना है कि ये देखने वाली बात होगी कि जन्म दर में बढ़ोतरी क्या सिर्फ अस्थायी है या फिर ये अगले साल भी जारी रहती है। दक्षिण कोरिया की सांख्यिकी एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी पार्क ह्युन जुंग का कहना है कि कोरोना महामारी के दौरान कम शादियां हुईं, जो बीते दिनों हुईं। इनकी वजह से ही साल 2024 में जन्म दर बढ़ी हो सकती है। विशेषज्ञों ने ये भी कहा कि 30 साल के नौजवानों की संख्या बढ़ी है और साथ ही बच्चे पैदा करने की इच्छा रखने वाले युवाओं की संख्या में भी थोड़ा इजाफा हुआ है।

**दक्षिण कोरिया में बच्चे पैदा करने से कतरा रहा युवा वर्ग :** दक्षिण कोरिया में



औसतन जन्म दर एक प्रतिशत से भी नीचे आ गई है, जिससे जनसांख्यिकी का गंभीर संकट पैदा हो गया है। इससे दक्षिण कोरिया की अर्थव्यवस्था के लिए भी संकट बढ़ गया है। इससे दक्षिण कोरिया में श्रमिकों की संख्या में कमी देखी जा रही है और साथ ही कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च भी बढ़ रहा है। जनसंख्या में गिरावट की समस्या से जूझने के लिए दक्षिण कोरियाई सरकार कई कदम उठा रही है, जिसमें लोगों को ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। हालांकि दक्षिण कोरिया में बढ़ती महंगाई, घर और सामाजिक सुरक्षा की बढ़ती लागत के चलते युवा वर्ग बच्चे पैदा करने से गुरेज कर रहा है।

## श्रेया घोषाल का एक्स अकाउंट हुआ हैक, फैंस को दी सतर्क रहने की चेतावनी

मुंबई। मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने अपने प्रशंसकों को आगाह किया है कि उनका एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। उन्होंने फैंस से आग्रह किया कि वे उनके अकाउंट से किए गए किसी भी पोस्ट, मैसेज या लिंक पर भरोसा न करें और न ही उन पर क्लिक करें। शनिवार को इंस्टाग्राम पर साझा किए गए एक पोस्ट में श्रेया ने बताया कि कई कोशिशों के बावजूद वह अपना अकाउंट रिकवर नहीं कर पाई हैं। उन्होंने लिखा, सभी प्रशंसकों और दोस्तों को नमस्कार। मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है। मैंने एक्स टीम से संपर्क करने की हर संभव कोशिश की, लेकिन सिर्फ कुछ ऑटो-जवाब ही मिले, कोई मदद नहीं मिली। अब मैं अपने अकाउंट में लॉगिन भी नहीं कर सकती और न ही इसे डिलीट कर सकती हूं। कृपया उस अकाउंट से आने वाले किसी भी लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी मैसेज पर भरोसा करें। ये सभी फर्जी और धोखाधड़ी वाले लिंक हैं। अगर मेरा अकाउंट वापस मिल जाता है और सुरक्षित होता है, तो मैं खुद वीडियो के जरिए इसकी जानकारी दूंगी। इस बीच, श्रेया हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एंटी-ओबेसिटी (मोटापा विरोधी) अभियान का समर्थन करने को लेकर चर्चा में रही हैं। श्रेया ने एक वीडियो साझा कर कहा, हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एंटी-ओबेसिटी अभियान शुरू किया है। यह बहुत जरूरी है, क्योंकि हमारा देश तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। इसके लिए हमें अपनी सेहत पर ध्यान देना होगा। आइए, सही खान-पान अपनाने की शपथ लें, तेल और चीनी का सेवन कम करें, पोषण से भरपूर और मौसमी भोजन खाएं, और बच्चों को भी पौष्टिक आहार दें। अच्छी सेहत ही असली संपत्ति है। इसलिए, छोटे-छोटे बदलाव करके हम देश में बड़ा असर ला सकते हैं। मुझे इसका हिस्सा बनने पर गर्व है, जो हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक संतुलित जीवनशैली को बढ़ावा दे रहा है। आइए, एक स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं, क्योंकि यही हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी विरासत होगी। गौरतलब है कि 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिनेता मोहनलाल, आर. माधवन, निरहुआ और गायिका श्रेया घोषाल को इस अभियान में शामिल होने के लिए नामांकित किया था।



## पुणे रेप केस का आरोपी गिरफ्तार , डिप्टी सीएम अजित बोले- ऐसी घटनाएं कहीं भी नहीं होनी चाहिए

पुणे। पुणे रेप केस के आरोपी दत्तात्रेय रामदास गाडे को पुलिस ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए ड्रोन, खोजी कुत्तों, 13 पुलिस टीमों और खुफिया विभाग की मदद ली गई। आरोपी पुणे जिले के शिरुर तहसील के गुनात गांव के पास धान के खेत में छिपा हुआ था। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने इस घटना पर बयान दिया और कहा, कि गुरुवार तक लोग सवाल उठा रहे थे कि आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। हमने उसे पकड़ने के लिए ड्रोन तकनीक का उपयोग किया। वह धान के खेत में छिपा था और उसकी स्थिति ऐसी थी कि उसने आत्महत्या करने की भी कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए सख्त कानून लागू किए जाएंगे और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी को थर्मल इमेजिंग कैमरों से लैस ड्रोन की मदद से ट्रैक किया। इससे हवाई तस्वीरें प्राप्त हुईं, जिससे पता चला कि आरोपी खेत में छिपा है। आधी रात को पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पुणे सत्र न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 12 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

## बिहार में बर्ड फ्लू से कई कौओं की मौत, प्रशासन ने जारी किए सतर्कता के निर्देश

पटना । बिहार के जहानाबाद जिले में हाल ही में हुए असामान्य घटना ने लोगों में चिंता और हलचल मचा दिया है। 18 फरवरी को कई कौओं की मौत का कारण बताया जा रहा है बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा एच5एन1)। जिला प्रशासन ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सतर्कता के निर्देश जारी किए हैं। आधिकारिकों का कहना है कि कोलकाता स्थित आरडीडीएल संस्थान की जांच रिपोर्ट में मृत कौओं में एच5एन1 वायरस की पुष्टि हुई है। जिले के एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट ने कहा कि प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने और बीमार या मृत पक्षियों से दूर रहने की सलाह दी है। इस परिस्थिति को संभालने के लिए परिवारों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है तथा पोल्ट्री फार्मों में सफाई का काम चल रहा है। अगर और मामले सामने आते हैं, तो संक्रमण को रोकने के लिए पक्षियों को मारने का फैसला लिया जा सकता है। संबंधित अधिकारियों ने बात करते हुए कहा कि घरेलू मुर्गियों में भी संक्रमण का पता चलेगा। प्रभावित क्षेत्रों में दी गई सोडियम हाइपोक्लोराइट की छीड़काव की गई है ताकि वायरस का फैलाव रोका जा सके। विभिन्न उद्यमी इकाइयों और लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की देखभाल के लिए सरकार ने सभी जरूरी कदम उठाने की पुष्टि की है। इस अचानक घटना से स्थानीय जनता में चिंता और अस्त-व्यस्ति महसूस हो रही है और प्रशासन ने स्थिति का त्वरित नियंत्रण करने के लिए संबंधित कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

## कमजोर पहाड़ी पर बर्फ का लोड बढ़ने और निर्माण से हो रहा हिमस्खलन!

नई दिल्ली। उत्तराखंड में कमजोर पहाड़ी पर बर्फ का लोड बढ़ने से हिमस्खलन होता है। हिमस्खलन के बाद चट्टान से बर्फ समेत मलमा, बोल्डर ढलान से नीचे गिरते हैं। ज्यादातर 3000 से 3500 मीटर से की ऊंचाई पर हिमस्खलन होता है।

# दिल्ली में महिलाओं के आने वाले हैं अच्छे दिन, इस दिन से मिलना शुरू हो जाएंगे 2,500 रुपये

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। दिल्ली में महिलाओं को 8 मार्च तक भाजपा सरकार के वित्तीय सहायता कार्यक्रम के तहत 2,500 रुपये प्रति माह मिलना शुरू हो जाएगा। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। इससे पहले मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी इसका संकेत दिया था। यह पहल, जो भाजपा का एक महत्वपूर्ण अभियान प्रतिज्ञा थी, महिलाओं को सीधे वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इससे पहले, आप सरकार ने महिला सम्मान योजना शुरू की थी, जिसमें 18 वर्ष से अधिक उम्र की पात्र महिलाओं को 1,000 रुपये मासिक प्रदान किए जाते थे, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की योजना है।

दिल्ली महिला एवं बाल विकास विभाग को महिलाओं को 2,500 रुपये मासिक देने, गर्भवती माताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने और गरीब परिवारों को उनकी बेटियों की शादी के लिए सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से पहल के लिए गुरुवार तक प्रस्ताव तैयार करने का काम सौंपा गया है। दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि महिला सम्मान योजना को महिला समृद्धि योजना के रूप में पुनः ब्रांडेड किया जा रहा है, जिसके लाभार्थियों को अब प्रति माह 2,500 रुपये मिलेंगे, जो कि AAP सरकार द्वारा पहले वितरित किए गए 1,100 रुपये से एक महत्वपूर्ण वृद्धि है।



भाजपा सरकार ने सबसे पहले लाडली बहना योजना शुरू की, जिसने राज्य में महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। तब से पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों ने इसी तरह की योजनाएं लागू की हैं जो महिलाओं के खातों में सीधे नकद जमा प्रदान करती हैं। 19 फरवरी को भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गईं रेखा गुप्ता ने महिलाओं के लिए वित्तीय सहायता को प्राथमिकता देने के निरंतर महत्व पर जोर दिया। दिल्ली चुनावों की अगुवाई के दौरान, AAP ने अपने प्रमुख वादों में से एक के रूप में 2,100 रुपये की मासिक सहायता प्रदान करने का वादा किया था।

### दिल्ली को इस महीने 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी : परिवहन मंत्री पंकज सिंह

दिल्ली के परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि इस महीने राष्ट्रीय राजधानी को 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि दिल्ली का परिवहन विभाग वर्तमान में 235 करोड़ रुपये के घाटे में है। मंत्री ने कहा कि सरकार एक योजना पर काम कर रही है और उसका लक्ष्य एक साल के भीतर इस क्षेत्र को मुनाफे में लाना है। सिंह ने कहा, ''इस महीने हम दिल्ली में 1,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें लाएंगे।'' दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार में छह कैबिनेट मंत्रियों में शामिल सिंह ने 20 फरवरी को शपथ ली थी। परिवहन, स्वास्थ्य और अन्य विभागों के मंत्री सिंह ने दिल्ली की परिवहन प्रणाली को जनता के लिए अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। सिंह ने कहा, ''हमें सार्वजनिक परिवहन में सुधार करने की आवश्यकता है ताकि लोगों को निजी वाहनों पर कम निर्भर रहना पड़े। हमारा पहला कदम दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसें शुरू करना होगा, उसके बाद परिवहन नेटवर्क को मजबूत करने के लिए और सुधार किए जाएंगे।''

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर तनाव के बीच हुई झड़प में बीएसएफ जवान घायल

सिपाहीजाला। भारत-बांग्लादेश सीमा पर हालात बिगड़ते जा रहे हैं। त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में 28 फरवरी को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और घुसपैठियों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक बीएसएफ जवान और एक बांग्लादेशी नागरिक घायल हो गया। जानकारी अनुसार घटना शाम 7:30 बजे की है, जब करीब 20 से 25 बांग्लादेशी घुसपैठियों ने बीओपी पुटिया क्षेत्र के पास सीमा स्तंभ (बीपी) 2050/7-एस से भारतीय सीमा में प्रवेश किया। ये घुसपैठिए तस्करी गतिविधियों में शामिल थे। बीएसएफ गश्ती दल ने घुसपैठ रोकने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने हथियार छीनने की कोशिश की और हमला कर दिया। हालात बेकाबू होते देख, एक बीएसएफ जवान ने आत्मरक्षा में गैर-घातक पंप एक्शन गन (पीएजी) से गोली चलाई। गोली लगने से एक बांग्लादेशी नागरिक घायल हो गया। इस बीच हुई झड़प में बीएसएफ का एक जवान भी घायल हो गया। दोनों ही घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी।

**मुंबई में भी बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई**

इसी बीच, मुंबई पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों पर शिकंजा कसा। डीसीपी डॉ. प्रवीण मुंधे के नेतृत्व में मानखुर्द, वाशी नाका, कलंबोली, पनवेल, ठाणे, कल्याण और मुंब्रा में विशेष तलाशी अभियान चलाया गया। 16 अवैध बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार किए गए। जिनके खिलाफ पहले रिकॉर्ड नहीं था, उन पर नए केस दर्ज किए गए, जबकि पुराने अपराधियों के मामलों में नए आरोप जोड़े गए।

## उद्धव के महाकुंभ नहीं जाने के निकाले जा रहे सियासी मायने




**मुंबई (एजेंसी)**। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने जिस विरासत को संभाला है वो कट्टर हिंदुत्व की छवि वाली है। हिंदुओं की संस्कृति और परंपराओं के लिए लगातार लड़ते रहे हैं। लेकिन महाकुंभ में तो विपक्ष से अखिलेश यादव को छोड़ कर कोई भी बड़ा नेता नहीं गया है, लेकिन निशाने पर उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र की राजनीति की वजह से आये हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे से लेकर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले तक। रामदास अठावले ने तो उद्धव ठाकरे के साथ साथ राहुल गांधी को भी निशाना बनाया है - लेकिन, राहुल गांधी को निशाना बनाये जाने और उद्धव ठाकरे को टारगेट किये जाने में बड़ा फर्क भी तो है।

उद्धव ठाकरे अपनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर पूरे लाव लश्कर के साथ अयोध्या गये हुए थे, लेकिन ये कैसे भूल जाते हैं कि उनके महाकुंभ न जाने पर सवाल नहीं उठेंगे। क्योंकि, मुख्यमंत्री तो वो महाविकास आघाड़ी सरकार के ही थे, जिसमें राहुल गांधी की कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी भी शामिल थी। चूंकि सवाल एकनाथ शिंदे ने उठाया है, इसलिए उद्धव ठाकरे ने जवाब भी उनको ही दिया है, ये बात अलग है कि दोनो में से किसी ने भी सीधे सीधे एक दूसरे का नाम नहीं लिया है। अपने हिंदुत्व पर सवाल उठाये जाने पर उद्धव ठाकरे ने भी जवाब दे दिया है, 'गंगा में नहाने से कोई पाप नहीं धुलता है। एकनाथ शिंदे ने महाकुंभ में शामिल नहीं होने पर शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे को लेकर कहा था कि वो खुद को हिंदू कहलाने से डरते हैं। मीडिया के पूछने पर एकनाथ शिंदे ने कहा, जो लोग महाकुंभ में शामिल नहीं हुए, उनसे पूछा जाना चाहिये कि वे हिस्सा क्यों नहीं लियेज कहते रहते हैं कि वे हिंदू हैंज बाल ठाकरे ने नारा दिया था कि गर्व से कहो हम हिंदू हैं, लेकिन अब वे खुद को हिंदू कहलाने से डरते हैं।

## दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में आंधी के साथ बारिश होने की चेतावनी

**नई दिल्ली(एजेंसी)**। दिल्ली में शुक्रवार से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं और हल्की बारिश हुई है। वहीं शनिवार सुबह की शुरुआत भी रिमझिम बारिश से हुई। दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में बारिश होने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। मौसम में उतार-चढ़ाव जारी है। आईएमडी के मुताबिक दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर 17 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। कई राज्यों में आंधी तूफान के साथ बारिश भी संभावना जताई है।

आईएमडी ने पूर्वोत्तर भारत, असम और पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। ऐसा बंगाल की खाड़ी के ऊपर विकसित हो रहे चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो रहा है।



अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा जैसे राज्यों में हल्की बारिश होने की संभावना है, साथ ही कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। दो मार्च से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर पश्चिम भारत को और ज्यादा प्रभावित करने की उम्मीद है।

वहीं मौसम विभाग के मुताबिक एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रहा है। इसकी वजह से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में बारिश और बर्फबारी होने की उम्मीद है। वहीं, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के कुछ इलाकों में हल्की बारिश की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। इसके अलावा पंजाब और हरियाणा में अलग-अलग जगहों पर ओलावृष्टि की भी आशंका है।


वहीं दक्षिणी और मध्य भारत के राज्यों की बात करें तो तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में बारिश हो सकती है। इनमें से कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन की संभावना के साथ भारी बारिश की चेतावनी दी है। गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड में हल्की बारिश और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ में भी हल्की बारिश हो सकती है।

## उमर अब्दुल्ला ने बिजली विभाग को रमजान के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति का निर्देश दिया

**श्रीनगर (एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बिजली विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि रमजान के महीने में सहरी और इफ्तार के समय बिजली कटौती न हो। मुख्यमंत्री ने रविवार से शुरू हो रहे रमजान के महीने के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। अब्दुल्ला ने इस बात पर जोर दिया कि लोग अपनी निर्वाचित सरकार से यह उम्मीद करते हैं कि इस पाक महीने के दौरान उन्हें किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''चूंकि कल से रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है, इसलिए लोगों को पूरी उम्मीद है कि सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी ताकि इस पवित्र महीने के दौरान उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना न करना पड़े।'' अब्दुल्ला ने निर्देश दिया, ''लोग चाहते हैं और हमें यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि सहरी और इफ्तार के समय बिजली कटौती न हो। किसी भी आवश्यक कटौती की योजना अच्छी तरह से बनाई जानी चाहिए और उचित समय-सारिणी के अनुसार दिन के समय कटौती की जा सकती है। जहां भी आवश्यक हो, रखरखाव कार्य भी दिन के समय ही किए जाने चाहिए।''

उन्होंने अधिकारियों को व्यवधानों से बचने के लिए सिस्टम संबंधी समस्याओं या दोषपूर्ण ट्रांसफॉर्मर का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। जलापूर्ति के बारे में अब्दुल्ला ने कहा कि हाल में हुई बर्फबारी और बारिश से स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन उन्होंने घरों में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''अल्लाह की कृपा से पिछले कुछ दिनों में हुई बारिश इस संबंध में लाभदायक रही है।''



मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को साफ-सफाई, खास तौर पर मस्जिदों और धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई, यातायात प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देने का निर्देश दिया।

## शिकायतकर्ता महिला है और उसका हर बयान सत्य मान लेना, यह सही नहीं

**-हाईकोर्ट ने कहा- आरोप झूठे तो पुलिस शिकायतकर्ता पर भी कर सकती है कार्रवाई**




**केरल (एजेंसी)**। केरल हाईकोर्ट ने कहा है कि आपराधिक मामलों, खासकर यौन अपराधों में यह मान लेना कि शिकायतकर्ता का हर बयान सत्य है, तो यह गलत है। कोर्ट ने यह कहा कि वर्तमान समय में ऐसे मामलों में निर्दोष लोगों को फंसाने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। न्यायमूर्ति पीवी कुन्हिकृष्णन ने एक महिला कर्मचारी द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत देने के दौरान सुनवाई में यह बात कही। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने आरोपी की शिकायत की जांच नहीं की जिसमें उसने कहा था कि नौकरी से निकाले जाने के बाद महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दी थीं।

कोर्ट ने कहा कि एक आपराधिक मामले की जांच का मतलब केवल शिकायतकर्ता के पक्ष की जांच नहीं है, बल्कि आरोपी के मामले की भी जांच की जानी चाहिए। केवल शिकायतकर्ता महिला है यह मान लेना कि उसका हर बयान सत्य है, यह सही नहीं है। पुलिस केवल उसके बयान के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती है। आरोपी के मामले को भी गंभीरता से जांचना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि आजकल यह प्रवृत्ति बन गई है कि महिलाओं द्वारा पुरुषों पर यौन उत्पीड़न के आरोप झूठे होते हुए भी उन्हें फंसा दिया जाता है। यदि पुलिस यह पाती है कि महिला द्वारा लगाए गए आरोप झूठे थे तो वह शिकायतकर्ता के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकती है। ऐसा कानून भी कहता है।

कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को झूठे आरोपों में फंसाया जाता है तो उसका नाम, समाज में प्रतिष्ठा और स्टेटस को नुकसान हो सकता है। केवल पैसे या मुआवजे से उसे वापस हासिल नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने पुलिस अधिकारियों को सच की जांच में सतर्क और चौकस रहने की सलाह दी, ताकि अपराध मामलों की जांच के दौरान किसी निर्दोष व्यक्ति को सजा या नुकसान न हो।

बता दें महिला ने आरोप लगाया था कि कंपनी के प्रबंधक ने उसके हाथों को यौन उत्पीड़न के उद्देश्य से पकड़ा। वहीं आरोपी ने पुलिस से शिकायत की थी कि महिला ने उसे गाली दी और धमकियां दीं। उन्होंने इस संबंध में एक पेन ड्राइव में महिला की कथित बातें रिकॉर्ड करके पुलिस को सौंपी है। कोर्ट ने कहा कि यह एक ऐसा मामला था जिसमें जांच अधिकारी को आरोपी की शिकायत की भी जांच करनी चाहिए थी। कोर्ट ने आरोपी को पेन ड्राइव जांच अधिकारी के समक्ष पेश करने का आदेश दिया और जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वह उसकी जांच करें। जमानत का आदेश कोर्ट ने आरोपी को 50 हजार रुपए की जमानत राशि और दो सक्षम जमानतदारों के साथ जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके अलावा आरोपी को जांच में सहयोग करने, गवाहों को प्रभावित या डराने की कोशिश न करने और जब भी जांच अधिकारी बुलाए पेश होने का आदेश दिया है।

## कमल हासन ने तीन-भाषा नीति पर स्टालिन के रुख का किया समर्थन

**चेन्नई (एजेंसी)**। तमिलनाडु में तीन-भाषा नीति को लेकर सियासी गर्मी बढ़ गई है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के इस नीति के विरोध पर अभिनेता और मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) के संस्थापक कमल हासन ने खुलकर समर्थन किया है। हासन ने स्टालिन को तमिलनाडु की रक्षा के लिए मजबूत ढाल बताते हुए उनकी तारीफ की है।



फिल्मी दुनियां के बेहतरीन अभिनेता और अब राजनीतिज्ञ कमल हासन ने दरअसल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, तमिलनाडु, तमिल भाषा और संस्कृति पर कई तरह के दबाव हैं। ऐसे समय में, स्टालिन अपने पूर्ववर्तियों की तरह राज्य की रक्षा के लिए मजबूत ढाल बनकर खड़े हैं। मैं उन्हें बधाई देता हूं। जनता जिंदाबाद!

**तीन-भाषा नीति का क्यों कर रहे विरोध**

मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित तीन-भाषा फॉर्मूला का कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि केंद्र सरकार हिंदी थोपने की कोशिश कर रही है। स्टालिन ने कहा है कि छात्रों पर तीसरी भाषा का बोझ नहीं डालना चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई और उन्नत अनुवाद तकनीक भाषा की बाधाओं को दूर कर सकती है। छात्रों को मातृभाषा (तमिल) और अंग्रेजी पर ध्यान देना चाहिए, ताकि वे विज्ञान और प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता हासिल कर सकें।

स्टालिन ने भाजपा नेताओं पर निशाना साधा और कहा, वे कहते हैं कि उत्तर भारत में चाय, पूरी खरीदने या शौचालय इस्तेमाल करने के लिए हिंदी जरूरी है। लेकिन एआई के युग में किसी भाषा को थोपने की कोई जरूरत नहीं है।

वहीं तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने स्टालिन की दो-भाषा नीति (तमिल और अंग्रेजी) की आलोचना की है और कहा कि राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने की मांग बढ़ रही है। राजभवन की ओर से एक्स पर जारी बयान में कहा गया है, कि तमिलनाडु के युवा महसूस कर रहे हैं कि राज्य की कठोर दो-भाषा नीति के कारण वे पड़ोसी राज्यों के युवाओं की तुलना में अवसरों से वंचित हो रहे हैं। ऐसे में तमिलनाडु में भाषा नीति को लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच टकराव बढ़ता दिख रहा है। स्टालिन और कमल हासन भाषा थोपने का विरोध कर रहे हैं।

## देशभर की अदालतों में 5.2 करोड़ मामले लंबित: न्याय प्रणाली के लिए बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। देश की अदालतों में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे न्याय प्रक्रिया धीमी हो रही है और न्याय मिलने में देरी हो रही है। देश की न्यायपालिका तीन स्तरों पर काम करती है–सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट और जिला अदालतें। इन अदालतों में मामले मुख्य रूप से दो प्रकार के होते हैं– सिविल और आपराधिक। वर्ष 2025 में, देशभर में 5.2 करोड़ (52 मिलियन) से अधिक मामले लंबित हैं, जिनमें से 1.8 लाख से अधिक मामले 30 साल से अधिक समय से लंबित हैं। सबसे अधिक 4.5 करोड़ मामले (85प्रतिशत) सिर्फ जिला अदालतों में लंबित हैं।

हालांकि मामलों के निपटारे में तेजी लाने के लिए सरकार और न्यायपालिका विभिन्न उपायों पर विचार कर रही हैं, जिनमें डिजिटल कोर्ट सिस्टम, वैकल्पिक विवाद समाधान, लोक अदालतों को बढ़ावा देना, और न्यायधीशों की संख्या में वृद्धि शामिल हैं। हालांकि, जब तक प्रभावी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक न्याय मिलने में देरी बनी रहेगी और आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत में लंबित मामलों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। कई न्यायाधीशों और सरकारी अधिकारियों ने इसे भारतीय न्याय प्रणाली के सामने सबसे बड़ी चुनौती करार दिया है। नीति आयोग की 2018 की रिपोर्ट के अनुसार, यदि उसी गति से मामलों का निपटारा होता रहा, तो पूरा बैकलॉग खत्म करने में 324 साल लग सकते हैं। वर्तमान में न्याय मिलने में हो रही देरी के गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं। 2022 में बिहार की एक अदालत ने एक व्यक्ति को सबूतों के अभाव में हत्या के आरोप से बरी कर दिया, लेकिन वह पहले ही 28 साल जेल में बिता चुका था। देश में लंबित मामलों में भूमि और संपत्ति विवाद सबसे बड़ा हिस्सा रखते हैं। कुल लंबित मामलों में से 20 प्रतिशत भूमि और संपत्ति से जुड़े हुए हैं, जो कि सभी सिविल मामलों का 66 प्रतिशत है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट द्वारा निपटाए गए 25 प्रतिशत मामले भूमि विवादों से जुड़े होते हैं।



## राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में बारिश, गिरा पारा

नई दिल्ली। मौसम ने एक बार फिर करवट ली और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में शनिवार को भारी बारिश हुई, जिससे दिल्लीवासियों को फरवरी के महीने में पड़ रही गर्मी से राहत मिली। इस साल फरवरी में दिल्ली में मौसम अपेक्षाकृत गर्म रहा। दिल्ली में फरवरी का औसत अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो सामान्य से अधिक था। भारतीय मौसम विभाग ने 28 फरवरी को दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश, बिजली और तेज हवाओं के साथ मौसम बिगड़ने को लेकर अलर्ट किया था। 1 मार्च को भी दिल्ली, एनसीआर और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। लोनी देहात, हिंडन एयरफोर्स स्टेशन, गाजियाबाद, नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर, बल्लभगढ़ सहित कई इलाकों में बारिश हो सकती है। इसके अलावा, हरियाणा के असंध, सफीदों, गन्नौर, सोनीपत, खरखौदा, रेवाड़ी, पलवल और नूंह जैसे क्षेत्रों में भी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई। मौसम विभाग ने इन इलाकों में 30-50 किमी/घंटे की तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने और गरजने की संभावना भी जताई है। वहीं, 28 फरवरी को दिल्ली में तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रिकॉर्ड किया गया था, जो मौसमी औसत से 0.9 डिग्री ज्यादा था। 1 मार्च को भी दिन में हल्की बारिश के आसार हैं। बारिश की वजह से पारा भी गिरा है। इस साल दिल्ली में फरवरी का औसत न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो पिछले छह वर्षों का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान था। इससे पहले 2017 में ऐसा तापमान देखा गया था। फरवरी के अंत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और रात में गर्मी की वजह से 27 फरवरी को न्यूनतम तापमान 19.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जो पिछले 74 वर्षों में सबसे गर्म रात थी। इसने 1951 के बाद से सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 27 फरवरी को ही दिन का अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा था, जो इस महीने का सबसे गर्म दिन था। इस बीच, पिछले साल के मुकाबले इस बार बारिश भी कम हुई। फरवरी में केवल चार दिन बारिश हुई, जबकि 2024 में बारिश 6 दिन रही थी। मौसम विभाग ने इस वर्ष मार्च के दौरान सामान्य से अधिक गर्मी की आशंका जताई है।

## दिल्ली के दरियागंज में एक बैंक में आग लगी, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली के दरियागंज इलाके में शनिवार सुबह एक बैंक में आग लग गई। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, घटना सुबह नौ बजकर 25 मिनट पर गोलचा सिनेमा के सामने स्थित एक्सिस बैंक में हुई। अधिकारी ने बताया कि दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। उन्होंने कहा, 'आग पर पूर्वाह्न 10 बजकर 10 मिनट पर काबू पा लिया गया। आग बैंक के एक तल पर एयर-कंडीशनर, फर्नीचर और दस्तावेजों में लगी थी।' उन्होंने बताया कि किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली है।

## मेट्रो के आगे कूदकर एक व्यक्ति ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन पर शुक्रवार शाम एक व्यक्ति ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मेट्रो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मृतक के पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे उसकी पहचान हो सके। फिलहाल मेट्रो पुलिस आसपास के थानों में संपर्क कर मृतक की पहचान करने में जुटी हुई है। मेट्रो पुलिस के मुताबिक शुक्रवार शाम द्वारका मोड़ मेट्रो स्टेशन पर एक युवक के खुदकुशी करने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक सीआईएसएफ के जवान और मेट्रो कर्मियों ने घायल को निकाल कर एम्स ले जा चुके थे। जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। फिलहाल पुलिस मेट्रो स्टेशन में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

## दरियागंज इलाके मे एक्सिस बैंक में लगी आग

नई दिल्ली। मध्य जिले के दरियागंज इलाके में शनिवार सुबह एक्सिस बैंक में अचानक आग लग गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस व दमकल विभाग की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकलकर्मियों ने आधा घंटा में आग पर काबू पा लिया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि शनिवार सुबह करीब नौ बजकर 25 मिनट पर कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि गोलचा सिनेमा के सामने एक्सिस बैंक में आग लग गई है। सूचना के आधार पर एक-एक कर दमकल की चार गाड़ियों को मौके से पर भेजा गया। दमकलकमियों ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया। आग बैंक के एक तल पर एयर-कंडीशनर, फर्नीचर और दस्तावेजों में लगी थी। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्वी जिले की एंटी नारकोटिक्स स्काड टीम ने पांच ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी तस्कर अमर कॉलोनी के गढ़ी गांव में एक फ्लैट किराए पर लेकर रहते थे और पूरी दिल्ली में चरस की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 3.965 किलोग्राम चरस बरामद की है, जिसकी कीमत लाखों रुपये में बताई गई है। गिरफ्तार तस्कारों की पहचान सुजीत थुलंग राय, सुनील लामा, राम और शिवराज राय के रूप में हुई है, जो नेपाली मूल के हैं जबकि रमन कालकाजी इलाके का रहने वाला है। दक्षिण पूर्वी जिले के डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि जिले की एंटी नारकोटिक्स स्कॉड टीम को ड्रग्स तस्करों के बारे में सूचना मिली। सूचना को पुख्ता करने के बाद एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके स्थित बीकानेर स्वीट्स के पास जाल बिछाया और तस्करों का इंतजार किया। कुछ देर बाद एक वाहन में दो लोगों को पुलिस टीम ने जांच के लिए रोका।

# दिल्ली फूलों का शहर बनने की ओर अग्रसर: विनय कुमार सक्सेना

**-उपराज्यपाल ने किया दो दिवसीय एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का उद्घाटन**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुझे विश्वास है कि हम जल्द ही दिल्ली को फूलों का शहर बनाने में सफल होंगे। फूलों का शहर बनाना मेरा सपना है। उक्त बातें दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा आयोजित दो दिवसीय पुष्प महोत्सव का उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों की न केवल देश भर के लोगों ने बल्कि यहां तैनात राजदूतों और राजनयिकों ने भी प्रशंसा की है। पिछले ढाई साल में कई एजेंसियों, खासकर एनडीएमसी द्वारा लगातार प्रयास किए गए, जिसके अब अच्छे परिणाम दिखने लगे हैं।



एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा कि इस दो दिवसीय प्रदर्शनी के बाद यहां प्रदर्शित फूलों के गमलों और पुष्प कलाकृतियों को नई दिल्ली क्षेत्र के विभिन्न चौराहों, गोल चक्करों और सड़कों के किनारे रखा जाना चाहिए ताकि वहां से गुजरने वाले लोग भी सौंदर्य का अनुभव कर सकें। यह पुष्प महोत्सव सभी के लिए खुला है और इसमें प्रवेश निःशुल्क होगा, जहां फूल प्रेमी खिलती प्रकृति के लाइव शो का आनंद ले सकते हैं और फूलों की सुंदरता को महसूस कर सकते हैं। एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का दो दिन के लिए आयोजन कर रही है, जिसमें



10,000 से अधिक गमलों में 36 विभिन्न प्रकार के फूल लगाए गए हैं, जिन्हें 18 खंडों में प्रदर्शित किया गया है। एनडीएमसी पुष्प महोत्सव का मुख्य आकर्षण विभिन्न मौसमी फूलों के गमलों में लगे पौधों का समूह होगा, जैसे डहलिया, पेटुनिया, पैंसी, साल्विया, मैरी गोल्ड आदि। एनडीएमसी के मालियों की तारीफ करते हुए श्री सक्सेना ने कहा कि एनडीएमसी की टीम बहुत मेहनती है और बागवानों के हाथों में जादू जैसा है और दिल्ली की अन्य हरियाली एजेंसियों को उनसे कुछ सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम इस प्रयास को दोहराने के लिए दिल्ली के अन्य विभागों के साथ समन्वय करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने दिल्ली के लोगों से अपने घरों में फूल लगाने की भी अपील की।

पुष्प महोत्सव में यह है खास = एनडीएमसी पुष्प महोत्सव में पशु, पक्षियों की पुष्प आकृतियां, रंग-बिरंगे पुष्प बोर्ड, ट्रे गार्डन, बड़े आकार के हैंगिंग बास्केट, टेरारियम, इकेबाना जैसी पुष्प व्यवस्था, पूर्वी और पश्चिमी शैली भी शामिल है। पार्क में सभी का स्वागत शानदार पुष्प संरचनाओं के साथ किया गया है, जिसमें पिरामिड, हार्ट शेप, सेल्फी पॉइंट, शंक्वाकार पुष्प संरचना, पुष्प सिलेंडर आदि शामिल हैं। पार्क के केंद्र में शाम को रंगीन रोशनी के साथ एक संगीतमय फव्वारा मुख्य आकर्षण होगा।

## अचानक दिल्ली रेलव स्टेशन पहुंचे राहुल गांधीद्ध



**- कुलियों से की मुलाकात**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शनिवार शाम अचानक नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंच गए। यहां उन्होंने स्टेशन में काम करने वाले कुलियों और यात्रियों से बातचीच की। राहुल गांधी यहां लगभग 40 मिनट रुके और लोगों की समस्याएं जानी। इससे पहले भी राहुल रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात कर चुके हैं।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे राहुल गांधी ने न केवल कुलियों से बातचीत की बल्कि कुछ दिन पहले रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए हुई भगदड़ को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने भगदड़ के दौरान यात्रियों की जान बचाने के लिए देशवासियों की तरफ से कुलियों को धन्यवाद भी दिया है।

राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्ट किया और लिखा अक्सर सबसे अंधकार भरे समय में ही इंसानियत की रोशनी सबसे ज़्यादा चमकती है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुली भाइयों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए कई यात्रियों की जान बचाई थी। इसके लिए मैंने देशवासियों की ओर से आज उनका धन्यवाद किया।

राहुल गांधी ने कहा कि ऐसे हादसों से सीख लेना ज़रूरी है। भीड़ नियंत्रण, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और आपातकालीन व्यवस्थाओं को मजबूत करके इन्हें रोका जा सकता है। आशा है सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी ताकि हर वर्ग के यात्री सुरक्षित यात्रा कर सकें।

# लव कुश रामलीला कमेटी लाल किला मैदान दिल्ली के प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम रेखा गुप्तासे मुलाकात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि लव कुश रामलीला कमेटी का एक प्रतिनिधि मंडल हाल ही में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने के लिए उनके कार्यालय पहुंचा और उन्हें उनकी बेहतरीन नेतृत्व क्षमता, समाज की सेवा में उनके योगदान, और दिल्ली की जनता के लिए किए गए कार्यों के लिए बधाई दी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने किया, जिन्होंने मुख्यमंत्री को कमेटी द्वारा आयोजित की जाने वाली आगामी रामलीला महोत्सव के बारे में जानकारी दी और इस साल की रामलीला के आयोजन को और भी भव्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री से समर्थन की अपील की। इस अवसर पर श्रीमती गुप्ता ने रामलीला के महत्व और सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने के लिए कमेटी के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री श्रीमती गुप्ता ने कहा, ÷रामलीला का आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान और भारतीय समाज की एकता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण अवसर है। लव कुश रामलीला कमेटी ने हमेशा इस उत्सव को बहुत श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया है, और मैं इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। मैं हर संभव समर्थन देने के लिए तत्पर हूं ताकि यह कार्यक्रम और भी सफल हो।÷ समारोह के दौरान दोनों पक्षों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने और दिल्ली के लोगों को समाजिक और सांस्कृतिक रूप से एकजुट करने के महत्व पर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार, चेयरमैन पवन गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य भूषण जैन आदि सम्मिलित हुए इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को हनुमान जी की गदा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



# आप के पूर्व विधायक नरेश बालियान मकोका केस, राउज एवेन्यू कोर्ट ने मानी दिल्ली पुलिस की एक मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक नरेश बालियान की मुश्किलें अभी कम होती नहीं दिख रही हैं। मकोका केस में गिरफ्तार नरेश बालियान के मामले में दिल्ली की अदालत ने दिल्ली पुलिस की एक मांग मान ली है।

जानकारी के अनुसार, राउज एवेन्यू कोर्ट ने आज दिल्ली पुलिस को 'आप' के पूर्व विधायक नरेश बालियान के खिलाफ मकोका केस में जांच पूरी करने के लिए 60 दिन का विस्तार दिया है। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अदालत से 90 दिन का विस्तार मांगा था। बालियान की हिरासत की 90 दिन की अवधि 3 मार्च को खत्म हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने 4 दिसंबर को कथित संगठित अपराध को लेकर मकोका मामले में बालियान को गिरफ्तार किया था। उसी दिन उन्हें कथित जबरन वसूली के एक मामले में अदालत से जमानत मिली थी।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के उत्तम नगर से पूर्व विधायक नरेश बालियान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक साल पुराने कथित जबरन वसूली के केस में उन्हें पहले हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में गिरफ्तार कर लिया। नरेश बालियान और गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू के कथित वायरल ऑडियो के मामले में पुलिस जांच कर रही है। ऐसे में विधायक जेल से बाहर नहीं आ सके। मकोका के तहत नरेश बालियान की गिरफ्तारी पर 'आप' नेता मनीष सिसोदिया ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था, 'पीएमएलए-मकोका जैसे हथियार इनकी दाईं-बाईं पॉकेट में रखे रहते हैं। जब भी किसी नेता को इन्हें झूठे केस में फंसाना होता है तो ये लोग उसकी लॉटरी निकालने लगते हैं। पॉकेट से जो एक्ट निकले, नेता के खिलाफ वही धारा लगा देते हैं। शुक्र है कि ये लोग अमेरिका का कोई कठोर कानून नहीं लगा देते हैं, वरना इनका बस चले तो वो भी लगा सकते हैं।'

# कोरोना टीकाकरण के लिए केंद्र से मिले पैसे को भी केजरीवाल सरकार ने अटकाया: सीएजी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट ने दिल्ली सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था की कलई खोल दी है। पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी की सरकार के दौरान दिल्ली में अस्पतालों में कर्मचारियों की कमी, ऑपरेशन थियेटर बंद होने और दवाओं की किल्लत का खुलासा किया गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की ओर से शुक्रवार को विधानसभा के पटल पर रखी गई रिपोर्ट में कोरोना काल में भी कुप्रबंधन का जिक्र किया गया है। सीएजी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कोरोना महामारी के दौरान दिल्लीवालों के टीकाकरण के लिए जो पैसा केंद्र सरकार ने जारी किया था उसे भी तब की सरकार ने काफी समय तक अटकाए रखा। केंद्र से जो पैसा जनवरी और मार्च 2021 में मिला उसे अप्रैल और मई में आगे बढ़ाया गया। सीजएजी रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टीकाकरण के लिए मिला पूरा पैसा खर्च भी नहीं हुआ। सीएजी की रिपोर्ट में पेज नंबर 125 पर कोरोना टीकाकरण के लिए पैसा जारी करने में देरी की बात कही गई है। कैग ने कहा है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'कोविड-19 टीकाकरण के लिए दिल्ली सरकार को सहायता अनुदान आवंटित किया था, जिसे उसे दिल्ली स्टेट हेल्थ सोसाइटी (डीएसएचएस) को बढ़ाना था।' सीएजी ने कहा है कि डीएसएचएस के आय-व्यय खाते (2020-21) और अन्य संबंधित आवंटन आदेशों से पता चला कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दो किस्तों में 9.60 करोड़ रुपए सहायता के रूप में आवंटित किए गए। जनवरी 2021 में 3.46 करोड़ और मार्च 2021 में 6.14 करोड़ रुपए जारी किए गए, लेकिन यह पैसा दिल्ली सरकार ने डीएसएचएस को अप्रैल और मई 2021 में दिया। डीएसएचएस ने यह फंड इंटीग्रेटेड डिस्ट्रिक्ट हेल्थ सोसाइटीज को भेजा। उपयोगिता सर्टिफिकेट के मुताबिक मार्च 2022 तक 9.60 करोड़ रुपए में से 7.93 करोड़ रुपए ही खर्च हो पाए थे। गौरतलब है कि कोरोना महामारी का दिल्ली में घातक प्रभाव हुआ था। इसकी वजह से हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। देशभर में टीकाकरण के बाद संक्रामक महामारी पर काबू पाया जा सका।

## नई दिल्ली के तमिलनाडु भवन में बम की कॉल से मचा हड़कंप

नई दिल्ली। नई दिल्ली, 01 मार्च (वेब वार्ता)। नई दिल्ली जिले के चाणक्यपुरी स्थित तमिलनाडु भवन में शनिवार सुबह बम रखे जाने की कॉल से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पीसीआर वैन, स्थानीय पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया और सघन तलाशी ली गई। तलाशी में कोई आपत्तिजनक चीज बरामद नहीं हुई। पुलिस ने घंटों की जांच-पड़ताल के बाद इस कॉल को हॉक्स करार दिया। फिलहाल इस मामले में स्थानीय पुलिस जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार शनिवार सुबह करीब 10.27 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि तमिलनाडु भवन में बम रखा हुआ है। उसके तुरंत बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। इधर, स्थानीय पुलिस तथा बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड व अन्य जांच एजेंसियां भी मौके पर पहुंच गईं। दमकल विभाग के अनुसार करीब दो घंटे की तलाशी के बाद बम की कॉल को हॉक्स करार दिया गया।

# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना का लाभ किन महिलाओं को नहीं मिलेगा, 3 शर्तें तय समझिए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, 01 मार्च (वेब वार्ता)। दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार जल्द ही महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता वाली स्कीम की शुरुआत करने जा रही है। चुनावी वादे के मुताबिक भाजपा सरकार %महिला समृद्धि योजना% लॉन्च करेगी जिसके तहत गरीब परिवारों की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को योजना के लिए नियम-शर्तें तय करने को कहा है। इसके अलावा सरकार इसके लिए जरूरी फंड के इंतजाम में भी लगी हुई है।

महिला समृद्धि योजना को लेकर चल स्टडी के बीच हमने भाजपा शासित कुछ और राज्यों की नियमों और शर्तों को देखा। दिल्ली से पहले मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे राज्यों में भाजपा की सरकारें महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता की योजनाएं चला रही है। जिस तरह दिल्ली में यह गरीब परिवारों की महिलाओं के लिए योजना चलाने का वादा किया गया है, उसी तरह इन राज्यों में भी गरीब परिवारों की महिलाओं को यह मदद दी जा रही है। संभव है कि जिस तरह की शर्तें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे राज्यों में हैं, वैसी ही दिल्ली में भी हो सकती हैं।

### परिवार की आमदनी वाली शर्त

मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना, छत्तीसगढ़ की महतारी वंदना योजना और ओडिशा में सुभद्रा योजना का लाभ उन महिलाओं को मिल रहा है जिनके परिवारों की वार्षिक आमदनी 2.5 लाख रुपये से अधिक नहीं है। इसी तरह दिल्ली में भी परिवार की एक निश्चित आमदनी तय की जाएगी, जिसके दायरे में आने वाले परिवारों की महिलाओं को ही इसका लाभ मिलेगा। हालांकि, दिल्ली में यह सीमा 2.5 लाख रुपए से अधिक की हो सकती है। इसकी वजह यह है कि दिल्ली की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 4.6 लाख रुपए से अधिक है।

### परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में ना हो

छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना में एक शर्त यह भी है कि परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार या स्थानीय निकाय में प्रथम, द्वितीय या तृतीय वर्ग का कर्मचारी ना हो। इस तरह ओडिशा में भी सुभद्रा योजना का लाभ उन महिलाओं को नहीं दिया जा रहा है जो खुद या उनके परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में है या फिर रिटायर्ड है। मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना में भी उन महिलाओं को अपात्र बताया गया है- जिनके स्वयं/परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्यक सरकार के शासकीय विभाग/ उपक्रम/ मण्डेल/ स्थाानीय निकाय में नियमित/स्था ईकर्मी/ संविदाकर्मी के रूप में नियोजित हो अथवा सेवानिवृत्ति उपरांत पेंशन प्राप्त कर रहा हो। दिल्ली में भी यह शर्त लगाई जाएगी, यह बात तय है।

### परिवार में कोई इनकम टैक्सपेयर ना हो

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा तीनों ही राज्यों में एक शर्त यह भी रखी गई है कि महिला स्वंय या उसके परिवार का कोई सदस्य इनकम टैक्सपेयर ना हो। दिल्ली में भी यह संभव है।

# संपत्ति कर में राहत को लेकर शुरू हुआ निगम में टकराव का दौर

**-निगम ने कहा संपत्ति कर में किसी भी प्रकार की राहत की बात गलत**

**-सत्ता पक्ष ने सदन की बैठक में संपत्ति कर में बड़ी छूट का पास किया था प्रस्ताव**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली नगर निगम की आम बैठक में महापौर महेश खींची द्वारा सदन की बैठक में संपत्ति कर में बड़ी राहत देने का प्रस्ताव पास करने के 72 घंटे भी ढंग से नहीं बीते के निगम की आधिकारिक विंग ने दो टूक शब्दों में कहा है कि किसी भी तरह की संपत्ति कर में राहत नहीं दी गई है जो पहले से चल रहा है वही बरकरार है और संपत्ति कर जमा करना जरूरी है। क्योंकि यह निगम की आय का मुख्य स्रोत है। निगम ने इस बारे में तमाम मीडिया में जो खबरें हैं उनमें सोशल मीडिया भी शामिल है को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

दिल्ली नगर निगम विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों पर संपत्ति कर छूट से संबंधित प्रसारित हो रही ग़लत जानकारी पर यह स्पष्ट करता है कि सभी संपत्ति मालिकों और कब्जाधारियों को प्रचलित कानूनों के अनुसार संपत्ति कर का भुगतान करना आवश्यक है। कुछ मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पर संपत्ति कर छूट के संबंध में जो दावे किए जा रहे हैं, वे पूरी तरह से गलत हैं, क्योंकि संपत्ति कर में कोई छूट नहीं दी गई है।

दिल्ली नगर निगम को नागरिकों से इस संबंध में कई प्रश्न प्राप्त हुए हैं कि क्या उन्हें संपत्ति कर का भुगतान करना होगा या नहीं। इस पर निगम पुनः स्पष्ट करता है कि संपत्ति कर सभी कब्जाधारियों/ मालिकों के लिए देय है, और इसकी अनिवार्यता में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संपत्ति कर दिल्ली नगर निगम के राजस्व का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो कुल राजस्व का लगभग एक-चौथाई भाग होता है। वार्षिक बजट प्रक्रिया के तहत, निगम प्रत्येक वर्ष कर और शुल्क की दरें निर्धारित करता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कर संरचना फरवरी 2024 में पारित बजट के अनुसार तय की गई थी। इसी तरह, 13 फरवरी 2025 को हुई बैठक में निगम ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कर और शुल्क संबंधी निर्णय लिए हैं। नगर निगम वर्तमान में गंभीर वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिसमें ?14,000 करोड़ से अधिक की बकाया राशि शामिल है। इसमें नगर निगम के कर्मचारियों के वेतन, सेवानिवृत्ति लाभ, और ठेकेदारों के बकाये का भुगतान भी शामिल है। यदि निगम की वित्तीय स्थिरता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं की गई, तो सफाई, सड़कों, गलियों और जल निकासी प्रणालियों का रखरखाव व आवश्यक नागरिक सेवाओं को बनाए रखना कठिन हो जाएगा।

इन वित्तीय बाधाओं को देखते हुए, संपत्ति कर में छूट देने का न तो कोई कानूनी आधार है और न ही कोई वित्तीय औचित्य। दिल्ली नगर निगम सभी संपत्ति मालिकों/कब्जाधारियों से अपील करता है कि वे 31 मार्च 2025 तक या उससे पहले स्वयं-मूल्यांकन के आधार पर इस वित्तीय वर्ष के लिए देय संपत्ति कर का भुगतान करें, ताकि किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। निगम के द्वारा जारी इस बयान के बाद साफ जाहिर हो गया है की निगम में शासित आम आदमी पार्टी अब अल्पमत में आ चुकी है और अधिकारी इसके फैसला मानने को तैयार नहीं है और इस मामले में साफ कर दिया है इसलिए 25 अप्रैल तक का जो कार्यकाल है निगम में आम आदमी पार्टी और अधिकारियों के बीच टकराव के बीच ही चलेगा क्योंकि अधिकारी अब अपना बचाव करना चाहेंगे।



# मुश्किल में फंसी तृप्ति डिमरी की 'धड़क 2

पिछले साल सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'धड़क 2' की घोषणा की गई थी। फिल्म नवंबर 2024 में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे साल 2025 तक के लिए टाल दिया गया। इस बीच चर्चा थी कि यह फिल्म इस साल होली के त्यौहार के आस-पास रिलीज हो सकती है। होली तो नजदीक आ रही है, लेकिन फिल्म का प्रमोशन अभी तक शुरू नहीं हुआ है। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक 'धड़क 2' को सीबीएफसी से प्रमाणन प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आइए जानते हैं विस्तार सेज किस समस्या का करना पड़ रहा सामना? बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के अनुसार पोर्टल को एक सूत्र ने बताया, धड़क 2 जाति के मुद्दों पर आधारित है और एक चौंकाने वाली कहानी है। सीबीएफसी की जांच समिति ने इस तरह की फिल्म के लिए निर्माताओं की सराहना की, लेकिन इसके कंटेंट की वजह से वह इस बात पर विचार कर रहे हैं कि फिल्म को क्या रेटिंग दी जानी चाहिए और कौन से सीन काटे जाने चाहिए, यदि कोई ऐसा सीन हो।

## सेंसर की मंजूरी के बाद शुरू होगा प्रमोशन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक एक ट्रेड एक्सपर्ट ने पोर्टल को बताया कि 'धड़क 2' के निर्माता सेंसर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही फिल्म का प्रमोशन शुरू करेंगे। इसलिए, अगर उन्हें सीबीएफसी से मंजूरी मिल जाती है, तो 'धड़क 2' 14 मार्च को रिलीज हो सकती है या इसके डेट को आगे बढ़ाया जा सकता है।

## तमिल वर्जन पास तो 'धड़क 2' पर क्यों सवाल?

कहा जा रहा है कि 'धड़क 2' तमिल फिल्म 'परीयेरुम पेरुमल' का रीमेक है और इस फिल्म को सीबीएफसी के साथ किसी भी मुश्किल का सामना नहीं करना पड़ा था। ऐसे में यह सवाल भी उठता है कि इसकी कहानी भी वही होगी तो फिर इस फिल्म पर सवाल क्यों उठ रहे हैं? साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'धड़क' भी इसी विषय पर आधारित थी। जान्हवी कपूर और ईशान खट्टर की फिल्म मराठी फिल्म सैराट की रीमेक थी। फिल्म का मोशन पोस्टर जब रिलीज हुआ था, तो उस पर लिखा था, एक था राजा, एक थी रानी। जात अलग थी खतम कहानी। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म जातीय मुद्दों पर आधारित होगी।



# निजी जिंदगी पर ट्रोल करने वालों को सबा ने दिया करारा जवाब

बॉलीवुड की अभिनेत्री सबा आजाद अकसर ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड होने को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल होती हैं। हाल ही में उन्होंने स्क्रीन को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि वह सोशल मीडिया पर असहज होती हैं। जब भी उन्हें सोशल मीडिया पर कोई ट्रोल करता है, तो वह इससे प्राभवित होती हैं।

सोशल मीडिया से नहीं रह सकते दूर सबा आजाद ने कहा कि सोशल मीडिया थोड़ा अजीब है। उन्होंने कहा कि मैं लगातार तीन दिन तक पोस्ट करती हूं और फिर एक महीने के लिए गायब हो जाती हूं। यह कलाकारों के लिए एक तरह का पोर्टफोलियो बन गया है। इससे ऐसे रिश्ता है कि इसके साथ नहीं रह सकते न ही इसके बिना रह सकते हैं। जैसे-जैसे लोगों में असंतोष बढ़ता है, वैसे-वैसे ऑनलाइन इस तरह का व्यवहार भी बढ़ता है।

## चमड़ी मोटी हो गई है

सबा ने आगे कहा कि अगर आप खुश इंसान हैं तो आप एक फेक अकाउंट बनाकर किसी को ट्रोल नहीं करेंगे। हम उस इंसान की फिक्र क्यों करें जो बिना नाम, बिना चेहरे का है और अपनी जिंदगी से निराश है। सबा ने आगे कहा कि उन्हें इतना ट्रोल किया गया है कि अब उनकी चमड़ी मोटी हो गई है। सबा ने बताया कि नाराज होने के बजाए दूसरा रास्ता यह है कि इसे देखा जाए। मैं दुखी हूं कि ट्रोलर्स को ये सब करना पड़ा रहा है। सबा ने आगे कहा शुरूआत में मैंने सोचा कि अगर मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं, तो आपको क्या दिक्कत है? लेकिन फिर, जब मैंने इस पर विचार किया, तो मुझे एहसास हुआ कि यह सिर्फ दुखद है, और इसके लिए अपनी नींद खराब करना जरूरी नहीं है। लेकिन अब मेरी चमड़ी मोटी हो गई है। मैंने भले ही लंबे वक्त तक दूसरा गाल आगे कर रखा हो, लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि मुझमें अभी भी जवाब देने की ताकत है। अब आप मुझसे ये उम्मीद नहीं कर सकते कि मैं खामोश रहूं। मुझे परवाह नहीं कि अब लोग मुझे क्या कहेंगे। हाल ही में जब हू इज योर गाइनैक के दूसरे सीजन का शो रिलीज किया गया तब किसी ने कहा कि वह ऋतिक की गर्लफ्रेंड हैं इसलिए उन्हें काम करने की जरूरत नहीं है। इस पर सबा ने ट्रोलर को जवाब दिया था।

## रिश्ते के बारे में

सबा और ऋतिक रोशन ने साल 2022 में एक दूसरे को डेटिंग करना शुरू किया। दोनों ने अपने रिश्ते का ऐलान अक्टूबर 2022 में किया। तब ऋतिक ने सबा के साथ तस्वीर शेयर की थी। तभी से सबा को ऋतिक की गर्लफ्रेंड होने के लिए ट्रोल किया जा रहा है।

हाल ही में सबा आजाद को क्राइम बीट में देखा गया। इस फिल्म में सबा के अलावा सुधीर मिश्रा और संजीव कौल हैं। इसमें साकिब सलीम, राहुल भट्ट के अलावा दानिश हुसैन हैं। यह फिल्म सोमनाथ बताब्याल की नॉवेल द प्राइस यू पे पर आधारित है। इसमें खोजी पत्रकारिता और रिपोर्टिंग के बारे में दिखाया गया है।



# क्या शाहरुख खान की 'पठान' का बनेगा प्रीक्वल? जॉन अब्राहम ने कहानी को लेकर हिंट दिया

इन दिनों जॉन अब्राहम अपनी फिल्म 'डिप्लौमेट' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में जॉन ने असल डिप्लौमेट रहे जेपी सिंह का रोल किया है। फिल्म की कहानी पाकिस्तानी में फंसी, भारत की एक बेटी को सुरक्षित घर वापस लाने की है। इस फिल्म को लेकर तो जॉन खुश हैं। साथ ही वह चाहते हैं कि प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा फिल्म 'पठान' का प्रीक्वल भी बनाएं।

## बनना चाहिए 'पठान' का प्रीक्वल

हॉलीवुड रिपोर्टर को दिए गए एक इंटरव्यू में एक्टर जॉन अब्राहम कहते हैं, 'मैं किसी फ्रैंचाइजी फिल्म का हिस्सा तभी बनता हूं, जब उसमें मेरा किरदार खास होता है। जैसे फिल्म 'पठान' में जिम का मेरा रोल बहुत ही कूल, स्पेशल था।' आगे वह कहते हैं, 'आदित्य चोपड़ा को पठान का प्रीक्वल बनाना ही चाहिए। इसमें मेरे किरदार जिम की बैक स्टोरी क्या है, इसे दिखाया जा सकता है। उम्मीद है कि हम इस फिल्म का प्रीक्वल करेंगे।

## कहानी को लेकर क्या बोले जॉन

फिल्म 'पठानी' की कहानी को लेकर भी जॉन बताते हैं कि उनके किरदार जिम के पास्ट के बारे में दर्शकों को पता होना चाहिए। दरअसल, वह मानते हैं कि जिम के किरदार में दम है, उसकी कहानी अच्छी बन सकती है। साथ ही जब उनसे पूछा गया कि क्या वह यशराज यूनिवर्स की फिल्म 'वॉर' में उनके किरदार जिम के लिए कोई संभावना बन सकती है। तो इस पर भी जॉन का कहना है कि कुछ भी संभव हो सकता है।

## पठान में विलेन बने थे जॉन

शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' में जॉन अब्राहम विलेन के रोल में थे, इस किरदार में कई लेयर्स देखी गईं। शाहरुख के किरदार पठान को यह किरदार अच्छी खासी टक्कर देता है। फिल्म में दीपिका पादुकोण भी एक अहम रोल नजर आईं।

## इन फिल्मों में भी आएंगे नजर

जॉन अब्राहम फिल्म 'डिप्लौमेट' के अलावा कुछ और फिल्मों में भी अभिनय कर रहे हैं। इसमें 'तेहरान' और 'तारिक' जैसी फिल्में भी शामिल हैं। इन फिल्मों से जॉन बतौर प्रोड्यूसर भी जुड़े हुए हैं।

# तंडेल की सफलता के बाद डीजे बने नागा चैतन्य

नागा चैतन्य इन दिनों अपनी फिल्म तंडेल की सफलता का जश्न मना रहे हैं। अब नागा चैतन्य की एक प्यारी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। शोभिता धुलिपाला ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पति की एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वे डीजे बन गए हैं। नागा चैतन्य ने डीजे की भूमिका निभाई और अपने अंदर के संगीतकार को डेक पर उतारा। फोटो में नागा चैतन्य को प्रोफेशनल सेटअप के साथ म्यूजिक मिक्सिंग में व्यस्त दिखे। स्वेटर के साथ कैजुअल कपड़े पहने वह अपने गले में हेडफोन लटकाए डीजे की तरह ध्यान केंद्रित करते हुए दिख रहे थे। शोभिता ने तस्वीर साझा करते हुए चैतन्य को टैग किया और दिल वाले इमोजी भी बनाए।




# करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने मार्को निर्देशक के साथ मिलाया हाथ, एक्शन फिल्म पर साथ करेंगे काम

मलयालम सिनेमा के एक्शन स्टार हनीफ अदेनी बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और वह इसे अपने स्टाइल में कर रहे हैं। मार्को की भूमिका में धमाल मचाने के बाद फिल्म निर्माता को किसी और ने नहीं, बल्कि करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने एक धमाकेदार एक्शन फिल्म के लिए साइन किया है, जो जितनी दमदार है, उतनी ही मजेदार भी है। द ग्रेट फादर (2017) और मिखेल (2019) जैसी फिल्मों से अपनी अलग पहचान बनाने वाले हनीफ अदेनी ने एक बार फिर मार्को के साथ अपनी प्रतिभा साबित की, जो एक क्रूर और अथक एक्शन से भरपूर फिल्म है। अब, वह अपनी सिग्नेचर हाई-इम्पैक्ट स्टोरीटेलिंग को हिंदी सिनेमा में लाने के लिए तैयार हैं। कथित तौर पर आगामी प्रोजेक्ट को बहुभाषी रिलीज के लिए प्लान किया जा रहा है। फिल्म के बारे में विवरण अभी भी गुप्त रखा गया है।

## आधिकारिक एलान का इंतजार

हनीफ अदेनी के जुड़ने से धर्मा प्रोडक्शंस बैनर बड़े पर्दे पर एक्शन की उम्मीद जगा रहा है। दूसरी ओर इसके आधिकारिक एलान का इंतजार है। साथ ही कलाकारों की घोषणा होनी भी बाकी है। हनीफ अदेनी एक फिल्म निर्देशक और पटकथा लेखक हैं, जो मलयालम सिनेमा में काम करते हैं। उन्होंने 2017 की फिल्म द ग्रेट फादर से निर्देशन की दुनिया में कदम रखा था। पटकथा लेखक के रूप में उनका अगला काम अमीर है, जिसमें ममूटी मुख्य भूमिका में हैं। धर्मा प्रोडक्शंस अब कई प्रोजेक्ट्स की रिलीज की तैयारी कर रहा है, जिनमें से एक है- केसरी: चैप्टर 2, जो जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद की घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म अक्षय कुमार, आर. माधवन और अनन्या पांडे स्टारर यह फिल्म राजनेता और वकील सी. शंकरन नायर के इर्द-गिर्द घूमती वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है। इसके साथ ही, धड़क 2 भी है, जो 2018 की तमिल फिल्म परियेरम पेरुमल पर आधारित एक शक्तिशाली लव ड्रामा है, जिसमें तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी मुख्य भूमिका में हैं।





# संजय दत्त ने बताया, कब तांडव मचाएगी 'द भूतनी'


अभिनेता संजय दत्त अपनी अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। अभिनेता ने बुधवार को महाशिवरात्रि के मौके पर सोशल मीडिया पर अपकमिंग एक्शन-हॉरर कॉमेडी के टाइटल के साथ ही रिलीज की तारीख भी बताई। इंस्टाग्राम पर एक्टर का पोस्ट शेयर करते हुए सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर ने बताया कि उनकी अपकमिंग फिल्म का नाम 'द भूतनी' रखा गया है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता संजय दत्त ने लिखा, इस गुड फ्राइडे, डर को एक नई डेट मिल गई है। पहले से कहीं ज्यादा हॉरर, एक्शन और कॉमेडी के लिए तैयार हो जाइए! 'द भूतनी' मचाएगी तांडव।

बता दें, पहले अपकमिंग फिल्म का नाम 'द वर्जिन ट्री' था, लेकिन अब इसका नाम बदलकर 'द भूतनी' रख दिया गया है। निर्माताओं ने फिल्म का एक छोटा टीजर भी शेयर किया, जो हमें रहस्यमयी दुनिया की झलक दिखाती है, जहां प्यार, अंधकार में बदल जाता है। सिद्धांत सचदेव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह और आसिफ खान जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के तहत दीपक मुकुट, संजय दत्त, हुनर मुकुट और मान्यता दत्त ने फिल्म का निर्माण किया है। निर्माताओं ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म का एक डरावना पोस्टर शेयर किया था, जिसमें घोषणा की थी कि प्रोजेक्ट का टाइटल और रिलीज की तारीख 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर सामने आएगी। पोस्टर को शेयर करते हुए निर्माताओं ने लिखा, महादेव की भक्ति में शक्ति है! बहुत हुआ इंतजार! बाबा तारीख तय कर रहे हैं! वर्कफ्रंट की बात करें तो संजय दत्त के पास बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'वेलकम टू द जंगल' भी है। अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त के साथ अक्षय कुमार, रवीना टंडन, दिशा पटानी, सुनील शेट्टी, लारा दत्ता, बॉबी देओल, जैकलीन फर्नांडीज, परेश रावल, अरशद वारसी, राजपाल यादव, जॉनी लीवर, श्रेयस तलपड़े और तुषार कपूर जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, संजय दत्त के पास 'सन ऑफ सरदार 2' भी है, जिसमें वह अजय देवगन और मृणाल ठाकुर के साथ मुख्य भूमिका में हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में तैयार इस फिल्म का निर्माण अजय देवगन ने जियो स्टूडियो के सहयोग से देवगन फिल्म्स के बैनर तले किया है।




# निर्देशक अरुण माथेश्वरन की फिल्म में दिखेंगे अक्षय

अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म स्काई फोर्स में नजर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर औसत कमाई की थी। हालांकि, अक्षय ने फिल्म में अपने अभिनय के जरिए खूब वाहवाही लूटी थी। आने वाले दिनों में अक्षय की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं और अब उनके खाते से एक नई फिल्म जुड़ गई है। दरअसल अक्षय निर्देशक अरुण माथेश्वरन की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अरुण बॉलीवुड में आने की तैयारी कर रहे हैं और अपनी पहली हिंदी फिल्म के लिए वह अक्षय के साथ बातचीत कर रहे हैं। अक्षय को उनकी फिल्म की कहानी पसंद आई है और वह इसका हिस्सा बनने के लिए अपनी रजामंदी भी दे चुके हैं। फिल्म एक्शन थ्रिलर होने वाली है। फिल्म काफी बड़े स्तर पर बनने वाली है।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# नूंह में ओलावृष्टि से फसलों में नुकसान विधायक आफताब ने गांवों का दौरा किया

## जल्द गिरदावरी करवा, मुआवजा दे सरकार : आफताब अहमद

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा के नूंह के कई गांवों में शुक्रवार देर शाम बारिश के साथ ओलावृष्टि और तेज बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। शनिवार सुबह स्थानीय विधायक चौधरी आफताब अहमद किसानों संग खेतों के निरिक्षण पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। किसानों ने विधायक से स्पेशल गिरदावरी कर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। विधायक आफताब अहमद ने भी सरकार से जल्द मुआवजा दिलाने की बात किसानों से कही है।

विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि कल शाम दुर्भाग्यपूर्ण ओलावृष्टि, असमय बारिश और तेज हवाओं के कारण नूंह सहित अन्य 10 जिलों में दर्जनों गांव में गेहूं व सरसों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। विधायक ने भाजपा सरकार से

मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सहित पूरे जिले की विशेष गिरदावरी कराकर सरकार 50000/- रु प्रति एकड़ मुआवजा राशि मदद स्वरुप दे।

इस दौरान विधायक आफ़ताब ने फसलों का अवलोकन करते हुए किसानों को भरोसा दिलाया कि इस विपदा के समय वो हमेशा अपने अन्नदाता किसानों के साथ खड़े हैं।



उन्होंने किसानों से कहा कि प्रकृति का प्रकोप हमारे किसानों पर आया है, इससे सभी दुखी हैं। कांग्रेस पार्टी इस समय किसानों संग खडी है।

पत्रकारों से बातचीत में विधायक आफताब अहमद ने बताया कि जिले में नुकसान हुआ है और नूंह इलाके में मुख्य रुप से नूंह, पल्ला, सोंख, पलड़ी, नलहड़, सालाहेड़ी, अड़बर, टांई, फिरोजपुर नमक, धांधूका, मन्नाकि, सतपुतियाका, हुसैनपुर, बाबूपुर, टेडकपुर, सलम्बा, राईपुरी, बेंसी, सुडाका, आंधाका, गोलपुरी, केराका, भड़ंगाका, खेड़ा, जोगीपुर, मरोड़ा, शाहपुर नंगली, नौशेरा, गुंडबास इत्यादि गावों में अधिक नुकसान है।

विधायक आफताब अहमद ने किसानों को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से बातचीत करके विशेष गिरदावरी कराने और मुआवज़ा दिलाने का काम किया जाएगा। इस दौरान कांग्रेस जिला संयोजक महताब अहमद सहित दर्जनों गांवों के किसान मौजूद थे।

# तंज़ीम फरोग-ए-उर्दू मेवात के नए अध्यक्ष बने : ज़नाब नसीम संगेल

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** हरियाणा राज्य में उर्दू जबान के प्रचार-प्रसार के लिए तंज़ीम फरोग-ए-उर्दू मेवात के पदाधिकारियों का आम चुनाव नूँह मुख्यालय में स्थित अलिफ़ इंटरनेशनल स्कूल नूँह में बड़ी धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

डॉ. कमरुद्दीन जाकिर और मास्टर अशरफ मेवानी की अध्यक्षता में आयोजित इस चुनावी बैठक में बड़ी संख्या में उर्दू प्रेमियों ने भाग लिया। मुफ्ती मुहम्मद मुस्तफा कासमी द्वारा पवित्र कुरान के अनुवाद के बाद मुफ्ती तारीफ़ सलीम नदवी का पाठ आधिकारिक तौर पर शुरू किया गया। तंज़ीम फरोग ए उर्दू मेवात के पूर्व अध्यक्ष जनाब मौलाना सिद्दीकी सनाबली ने अपने संगठन के पिछले कार्यों को प्रस्तुत किया और मेवात क्षेत्र में संगठन द्वारा प्रदान की गई सेवाओं, विशेष रूप से सार्वजनिक स्कूलों में उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति पर प्रकाश डाला। इसके अलावा डॉ. मुहम्मद हाशिम , प्रिंसिपल कमर अली एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध सामाजिक व्यक्तित्व के धनी एडवोकेट रमजान चौधरी आदि उपस्थित थे। तंज़ीम फरोग ए उर्दू



मेवात की सेवाओं के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बाद में, डिब्बे में नाम कि तीन पर्ची अध्यक्ष पद के लिए डाली गई, जिनमें तीन दावेदारों के नाम शामिल थे, मास्टर नसीम अहमद संगेल, मास्टर हकीमुद्दीन चंदेनी, मौलाना मुहम्मद हारिस भादस के नाम निकाले गए, जिसमें मास्टर नसीम अहमद का नाम अध्यक्ष पद के लिए निकाला गया और इस तरह मास्टर नसीम अहमद को अगले एक साल के कार्यकाल के लिए तंज़ीम फरोग ए उर्दू मेवात का अध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा मास्टर बनवारी लाल और मौलाना मुहम्मद नासिर झंडा उपाध्यक्ष, डॉ. अब्दुल अजीज सहसोला सचिव, मुहम्मद राशिद निज़ामी ख़ाजिन , खालिद आकेडा संयुक्त सचिव,खालिद मेवाती घासेड़ा प्रेस सचिव व सोशल मीडिया प्रभारी मुबारक चंदेनी को चुना गया।

इस अवसर पर तंज़ीम फरोग ए उर्दू मेवात के द्वारा उर्दू टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव भी किया गया, जिसमें मौलाना सिद्दीक सनाबली को उर्दू टीचर एसोसिएशन का अध्यक्ष चुना गया, हाफिज इमरान और मुफ्ती मुस्तफा कासमी को उपाध्यक्ष, मौलाना इश्तियाक को सचिव और मुहम्मद फहद शमीम को सोशल मीडिया का प्रभारी चुना गया। इसके अलावा मुफ्ती तारीफ़ सलीम को मदरसा और स्कूल विभाग जबकि मास्टर नजमुद्दीन को उर्दू जागरूकता अभियान विभाग की जिम्मेदारी दी गई. इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में उर्दू प्रेमी शामिल हुए. डॉ. कमरुद्दीन जाकिर की दुआ के साथ बैठक समाप्त हुई।

# भारी ओलावृष्टि से गेहूं और सरसों की फसल हुई चौपट : अशरफ मेवाती

## ओलावृष्टि ने फेरा किसानों की उम्मीद पर पानी

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** नूँह क्षेत्र के गाँव टाँई,अड़बर,सालाहेड़ी,हुसैनपुर,सत पूतियाका,रायपुरी,धांधूका,मन्नाकी, सलम्बा, घासेड़ा,शाहपुर नँगली,खेड़ला,जोगीपुर निजामपुर, मालब मुरादाबास,ऊँटका आदि में कल रात हुई भारी ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान से किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया। टाँई गांव के किसान अशरफ मेवाती ने बताया कि हम कल शाम को ही योजना बना रहे थे कि कल सुबह अपनी सरसों की फसल की कटाई शुरू करेंगे लेकिन कुदरत को कुछ और ही मंजूर था।उन्होंने अपने खेतों की सरसों व गेहूं की फसल के फोटो भेजते हुए कहा कि सरसों की पकी हुई फसल में 90% तक नुकसान हुआ है वहीं गेहूं की फसल भी पूरी तरह लेट चुकी है और गेहूं की फसल में भी ओलावृष्टि के कारण न केवल गेहूं की बालियां पूरी तरह टूट चुकी हैं बल्कि गेहूं की नाली भी टूट कर तहस- नहस हो गई है उन्होंने बताया



कि किसानों के लिए रबी फसल का सीजन एक उम्मीद और खुशहाली का उपहार लेकर आता है क्योंकि इसी सीजन के पश्चात किसान अपनी सरसों की फसल को घरेलू जरूरत के पश्चात शेष बचने वाली गेहूं की फसल को बेचकर अपने बच्चों की शादियां करने का इंतजाम करते हैं तथा मकान इत्यादि बनाने की योजनाएं बनाते हैं इस बार इस क्षेत्र के किसानों की सारी योजनाएं,उम्मीदें एवं सपने तहस-नहस हो गए हैं। उनके अलावा टाँई गांव के किसान, मास्टर गुलज़ार,मास्टर जमील सरपंच प्रतिनिधि,पूर्व सरपंच मुबारिक,चौधरी हारून,जफर हुसैन,, अख़लाक़,आस मोहम्मद,युसूफ,नासिर,सपात, उस्मान,आसू नंबरदार,हाजी हबीबुल्लाह,अब्दुल हई ठेकेदार,रिटायर्ड इंस्पेक्टर इकबाल महमूद,लियाकत,अजीम,नंबरदार,हाजी रोशन,अरशद नंबरदार,इकबाल खुर्शीद नम्बरदार, शहरुद्दीन,फारूक फौजी,शाहबुद्दीन तथा पूर्व सरपंच अकबर सहित सैंकड़ों किसानों ने बताया कि इतनी तेज,भारी और नुकसानदायक ओलावृष्टि उन्होंने अपने जीवन में अभी तक नहीं देखी क्योंकि जब आसमान से कुदरत का यह कहर गिर रहा था तब मकानों की छते ही नहीं बल्कि गांव के सभी रास्ते कश्मीर की घाटी की तरह सफेद नज़र आ रहे थे। इन सभी किसानों ने हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन से फसलों का सर्वेक्षण करने के पश्चात उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि किसानों को कुछ सहायता मिल सके जो उनके जख्मों पर मरहम का काम करें। विदित हो कि टाँई,मन्नाकी,घासेड़ा एवं धांधूका, टैरकपुर व सूडाका सहित अनेक गांवों की सैंकड़ों एकड़ जमीन की सेम की समस्या के कारण बुवाई ही नहीं हो पाई है।

# आज आधुनिक युग में फर्स्ट एड की जानकारी हर नागरिक को होना अनिवार्य

## सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षा नियमों का पालन अवश्य ही करें : विश्राम कुमार मीणा

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह विश्राम कुमार मीणा के कुशल मार्गदर्शन एवं सचिव महेश गुप्ता की देखरेख में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा एवम फर्स्ट एड ज्ञान देता है जीवन दान विषयों पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रूप पॉलिमर प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में किया।

जिला रैड क्रॉस सोसाइटी नूंह के जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश मलिक ने सभी उपस्थित 50 कर्मियों को मोटर वाहन संशोधन विधेयक-2019 की विस्तृत जानकारी दी। जिनमें मुख्यत: शराब पीकर वाहन ना चलाने, नाबालिग से वाहन ना चलवाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने, आपातकाल वाहन को तुरंत रास्ता देने, आपातकाल नम्बरों की



जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वाहन चलाते समय चालक के साथ बैठी सवारी को भी हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल करना चाहिए एल। हेलमेट दुर्घटना के समय सीमा पर खड़े सिपाही की तरह स्वयं चोटिल होकर चालक के जीवन की सुरक्षा करता है।

फर्स्ट एड में बेहोशी, घायल को मौके पर प्राथमिक सहायता, हार्ट अटैक, सिक्का निगलना, आगजनी के दौरान धुआं होने, बिजली का करंट, पानी में डूबने, शरीर से बहुत खून बहने की स्तिथी में पीड़ित को ट्रांसपोर्ट करने, सांस न आने और हार्ट के कार्य न करने की अवस्था में जीवनदायिनी विधि सी.पी.आर. का प्रयोगात्मक तरीका समझाया तथा सभी उपस्थित अधिकारियों एवम कर्मियों को इसका अभ्यास कराया।

इस कार्यशाला के सफल आयोजन में चेयरमैन अनिल जैन, वाइस चेयरमैन हितेश जैन, मानव संसाधन निदेशक मानी पलक जैन, प्लांट हैड रमेश गौतम, एच आर एडमिन प्रवीण यादव, संकल्प पाठक, निर्दोष कौशिक आदि का काफी योगदान रहा।

## तावडू नगर पालिका आम चुनाव

# मतदान आज, पोलिंग पार्टियां अंतिम चुनाव प्रशिक्षण प्राप्त कर मतदान केंद्रों पर हुई रवाना

### पीठासीन, सहायक पीठासीन अधिकारी और पोलिंग पार्टियों कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, लग्न और ईमानदारी से करें : चुनाव पर्यवेक्षक

### रिटर्निंग अधिकारी संजीव कुमार की देखरेख में पोलिंग पार्टियों को दिया गया अंतिम प्रशिक्षण

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में तावडू नगर पालिका आम चुनाव 2025 के तहत रविवार 2 मार्च को होने वाले मतदान के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हरियाणा राज्य चुनाव आयोग की ओर से नगर पालिका तावडू के लिए नियुक्त किए गए सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक एचसीएस महेंद्रपाल की विशेष उपस्थिति और रिटर्निंग अधिकारी तावडू नगर पालिका संजीव कुमार की देखरेख में शनिवार को पोलिंग पार्टियों को मतदान से संबंधित अंतिम प्रशिक्षण देकर आवश्यक सामग्री के साथ मतदान केंद्रों की ओर रवाना किया गया।

सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक एचसीएस महेंद्र पाल पोलिंग पार्टियों को रवानगी के पूर्व मतदान में निष्पक्षता और पारदर्शिता का अंतिम पाठ पढ़ाते हुए कहा कि पीठासीन, सहायक पीठासीन अधिकारी और पोलिंग पार्टियों अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, लगन और ईमानदारी से करें। उन्होंने बताया कि तावडू नगर पालिका में 16 वार्ड बनाए गए हैं जिनमें 16 ही पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि तावडू नगर पालिका आम चुनाव की मतदान प्रक्रिया रविवार 2 मार्च को प्रात: 8 बजे से शुरू हो जाएगी।

**सुबह 7 बजे होगा मॉक पोल :**

रिटर्निंग अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि रविवार 2 मार्च को मतदान शुरू होने से पूर्व प्रत्याशी अथवा उनके पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में सुबह 7 बजे मॉक पोल किया जाएगा। इसके बाद सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी। किसी भी वोटर को मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, कैमरा सहित कोई अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त आदेशों की अवहेलना करता पाया गया तो उसके खिलाफ निर्धारित नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए कि वे चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पहले निर्धारित समयानुसार मॉक पॉल



प्रक्रिया करवाना सुनिश्चित करें।

**सहायता के लिए मौजूद रहेंगे स्वयंसेवी :**

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि मतदान के वक्त किसी भी वोटर को असुविधा न हो इसके लिए जिला प्रशासन की तरफ से अलग-अलग तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। मतदान के लिए पहुंचने वाले बुजुर्ग, दिव्यांगजनों सहित ऐसे अन्य मतदाता जिन्हें सहारा लेकर चलने के लिए किसी प्रकार की मदद की आवश्यकता होती है, उन्हें स्वयंसेवियों द्वारा सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के पास यदि वोटर कार्ड नहीं हैं तो वे हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्धारित अन्य वैकल्पिक पहचान पत्र दिखाकर भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

**तावडू नपा क्षेत्र में शराब की दुकानें रहेंगी बंद :**

रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि 2 मार्च को मतदान प्रक्रिया के तहत संबंधित तावडू नगर पालिका क्षेत्र में 2 मार्च को सभी शराब की दुकानें, होटल, रेस्तरां, क्लब और शराब बेचने/परोसने वाले अन्य प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि गैर-मालिकाना क्लब, स्टार होटल, रेस्तरां आदि और होटल शराब रखने और आपूर्ति के लिए लाइसेंस की विभिन्न श्रेणियों के तहत काम करने वालों को भी उक्त दिनों में शराब परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी। तावडू नगर पालिका क्षेत्र में मतदान के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 2 मार्च को मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के आदेश जारी किए हुए हैं।

# ओलावृष्टि से खराब हुई फसलों की करवाई जा रही गिरदावरी : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिले में बीती रात बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से नूंह तहसील के 39 गांवों में फसलों के खराब होने की आशंका है। बारिश और ओलावृष्टि के कारण जिला के बाबुपुर और टेरकपुर गांव के क्षेत्र में कुछ ज़्यादा नुकसान की आशंका है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा की ओर से सभी प्रभावित क्षेत्र के लिए फसलों के खराबे की रिपोर्ट मांगी गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर क्षतिपूर्ति पोर्टल को प्रभावित क्षेत्रों व गांवों के लिए खोला जाएगा तथा इसके बाद किसान नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर अपने खेत की खराब फसलों की जानकारी पोर्टल पर अपलोड कर पाएंगे। सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान के आंकलन के लिए प्राथमिक रिपोर्ट तहसीलदार, गिरदावर और पटवारी के माध्यम से मंगवायी जा रही है ।

उपायुक्त ने बताया कि एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि संभावित अधिक प्रभावित क्षेत्रों में फिर से निरीक्षण रिपोर्ट कल 2 मार्च तक जरूर भेजी जाए। उन्होंने बताया कि प्रभावित क्षेत्रों में गिरदावरी के दौरान फसल की स्थिति का जायजा लिया जाएगा और खराब हुई फसल के क्षति का आंकलन किया जाएगा और रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी।

उपायुक्त ने कहा कि गिरदावरी के बाद ही फसल खराबे का सही आंकलन हो पाएगा तथा उसी आंकलन के अनुसार सरकार द्वारा किसानों को उचित राहत प्रदान की जाएगी। उपायुक्त ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी खराब हुई फसल की जानकारी संबंधित अधिकारियों को जरूर दें।

# नगरपालिका के प्रधान व सदस्य पद के आम चुनाव हेतु 16 मतदान केन्द्र स्थापित : संजीव कुमार

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम तावडू संजीव कुमार ने बताया कि नगरपालिका तावडू के प्रधान व सदस्य पद आम चुनाव 02 मार्च को होने निश्चित है। मतदान हेतू 16 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है। वार्ड नं. 7 का मतदान केन्द्र अग्रवाल भवन के स्थान पर राजकीय मॉडल संस्कृति पाठशाला, पटेल नगर तावडू (बायां कक्ष) व वार्ड नं. 10 का मतदान केन्द्र अग्रवाल भवन के स्थान पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नं. 1 लखपत चौक, तावडू (स्कूल का दायां भवन का बायां कक्ष) को बनाया गया है। वार्ड नं. 9 अपना बचपन प्ले स्कूल के स्थान पर वेयर हाउस कार्यालय, रेवाड़ी रोड, खाटू श्याम मन्दिर के सामने, तावडू को बनाया गया है, वार्ड नं.16 के लिए राजकीय प्राथमिक पाठशाला, भीम नगर, तावडू को बनाया गया है। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम संजीव कुमार ने आमजनों से अपील की जाती है कि आप 2 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में अपने-2 मतदान केन्द्र पर पहुँच कर अपना मत का प्रयोग करें।